चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 324, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 24 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी में किसानों को मिल रहा सम्मान: योगी

## सीएम ने कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का किया सम्मान, सीएम ने किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में कहीं। सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की।



**चौधरी साहब कहते थे- जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता**

सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अच्छे प्रशासक व महान किसान नेता थे। उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई लॉ से की थी, लेकिन किसान व कृषि पृष्ठभूमि के कारण उनकी स्पष्ट राय थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत की समृद्धि का मार्ग खेत-खलिहान से होकर गुजरता है।

चौधरी चरण सिंह ने अनेक कार्यों के जरिए अपने समय में किसानों के जीवन में बदलाव के अभियान को बढ़ाया था। पहली बार किसानों ने महसूस किया कि वे किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 9 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। पहली बार अन्नदाता किसानों ने महसूस किया कि वे भी किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम किसान फसल बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत का डेढ़ गुना दाम एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन किया गया। अब तक इसकी 15 किस्त किसानों के पास पहुंच चुकी है। सिर्फ ?पी में ही 2.61 करोड़ किसानों के खाते में 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि पहुंच चुकी है।

**सरकार की स्कीम स्वावलंबन का आधार बनती है**

सीएम ने कहा कि परिवर्तन व रिफॉर्म करते हुए कृषि को हम लाभकारी बना सकते हैं। इस दिशा में हुए प्रयास यूपी की दृष्टि से 22-23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा दी है। गन्ना किसानों को साढ़े छह वर्ष में दो लाख 25 हजार करोड़ से अधिक की राशि खाते में भेज चुके हैं। धान व गेहूं की सीधी खरीद और एमएसपी का लाभ डीबीटी के माध्यम से पहली बार मिला। उन्होंने कहा कि खेती को सही ढंग से करना घाटे का सौदा नहीं बनेगा।

## 'जागरूक जनशक्ति ही सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार'



## 'गरीबों को भूख, बीमारी और मकान के अभाव में मार देती थीं पहले'

**बिजनौर**

विकास की मुख्य धारा से जुड़कर बिजनौर आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक आदर्श जनपद बनने की ओर अग्रसर है। विकास का लाभ किसी एक को नहीं बल्कि सभी को प्राप्त होता है। विकास की पहली शर्त सुरक्षा होती है। ऐसे में सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश भर में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगायी है जबकि पहले इसी उत्तर प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगे होते थे और महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। वहीं आज यूपी में नो कर्फ्यू नो दंगा यूपी में सब चंगा है। इतना ही नहीं प्रदेश की कनेक्टिविटी भी पहले से काफी बेहतर हुई है। बिजनौर से मेरठ और दिल्ली से फोर लेन से सीधे नजीबाबाद जुड़ रहा है। हमारा प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेसवे समय से बनकर तैयार हो जाए ताकि इसे मेरठ के रास्ते हरिद्वार तक ले जाने की कार्रवाई जल्द प्रारंभ की जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिजनौर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही।



## परिवहन निगम के बेड़े में 1350 नई डीजल बसें जल्द होंगी शामिल

**लखनऊ**

बी एस 6 मॉडल की 1350 नई डीजल बसें बहुत जल्द परिवहन निगम के बस बेड़े में शामिल होंगी। सबको परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम है। परिवहन निगम ने निविदा के माध्यम से टाटा मोटर्स का चयन किया है। टाटा मोटर्स द्वारा क्रय की जा रही इन 1350 बी एस 06 मॉडल बसों की चेचिस क्रय करने में परिवहन निगम का कुल 274 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है।

**प्रदूषण उत्सर्जन में आएगी कमी**

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने बताया कि क्रय की जा रही यह बसें उच्च गुणवत्ता से लैस होंगी। यह बसें आधुनिक तकनीक से बनी होने के कारण प्रदूषण उत्सर्जन ना के बराबर करती हैं। इन बसों के आने से एयर क्वालिटी में सुधार आएगा एवं लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव भी कम होगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि निविदा के माध्यम से क्रय की जा रही हैं। इन बसों का रेट पुराने रेट की तुलना में 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति बस कम है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार परिवहन निगम को लगभग 14 करोड़ रुपए की बचत भी होगी।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आमंत्रण न भेजा जाए: सुब्रत पाठक

**वाराणसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कन्नौज से सांसद सुब्रत पाठक ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। शनिवार को शहर में आए सुब्रत पाठक ने मंदिर ट्रस्ट से मांग किया कि श्रीरामजन्म भूमि पर बन रही भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अखिलेश यादव को न दिया जाए। अखिलेश यादव की भगवान राम में आस्था ही नहीं है। इनकी राजनीति में आस्था है। ऐसे लोग जब तक माफी नहीं मांगते तब तक इनको मंदिर में न घुसने दिया जाए।

## चंद्रायान- 3 की सफलता पर भारत की मुरीद हुई दुनिया: एस जयशंकर

**चेन्नई**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-3 मिशन की सफल साफ्ट लैंडिंग की दुनिया के एक बड़े हिस्से ने प्रशंसा की। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, भारत की रणनीति अवसरों को अधिकतम करने और जोखिमों को कम से कम करने की है क्योंकि प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास की अपार संभावनाएं हैं।

**वैज्ञानिकों का था दूसरा प्रयास**

उन्होंने कहा, जब चंद्रयान-3 चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरा, तब मैं ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के साथ था। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संगठन है। उन्होंने कहा कि मैं आपको नहीं बता सकता कि इसका कितना प्रभाव पड़ा। वहां अफ्रीकी देशों नेता भी थे। दुनिया के एक बड़े हिस्से में इस बात की प्रशंसा थी कि आपने कर दिखाया। चंद्रयान-3 चंद्रमा पर भारत का तीसरा मिशन था, और चंद्रमा की सतह पर साफ्ट-लैंडिंग करने का दूसरा प्रयास था। रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत चंद्रमा पर साफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा और इसके अज्ञात दक्षिणी ध्रुव को छूने वाला पहला देश बन गया।



## डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ के विकास में आयेगी तेजी: मुख्यमंत्री साय



**रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री एवं मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के हितों और विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ के विकास के कामों में तेजी आयेगी। विकास के कई काम पांच सालों से रूके पड़े थे। अब रूके हुए काम पूरे होंगे। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 2485.79 करोड़ की राशि जारी करने व सेंट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने की अनुमति देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार से मिली राशि से समाज कल्याण की योजनाओं तथा अधोसंरचना विकास की योजनाओं के वित्तीय पोषण में मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मोदी की गारंटी पर त्वरित निर्णय लेकर अमल शुरू किए जाने की जानकारी दी है।

## तमिल मेहमान कजरी डांस और लोक गीतों पर झूमे

**वाराणसी**

काशी-तमिल संगमम-2 में शनिवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कजरी, लोकनृत्य तमिल मेहमानों को खूब भाया। वाराणसी की स्मृति साही और उनकी टीम ने कइसे खेले जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घेरे आई ननदी, सइंया मिले लरकईयां मैं का करूं आदि पर जोरदार डांस कर माहौल बना दिया। जोरदार प्रस्तुति पर युवाओं का टोली भी नाचने गाने लगी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र तंजावूर, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त बैनर तले नमोघाट पर आयोजित कार्यक्रम में कुल नौ प्रस्तुतियां हुईं।

पहली प्रस्तुति वाद्य लोक आधारित ट्राइबल डांस, कनियाकूथू की रही। तमिलनाडु के तिरुनिवेली से आए एस. थंगराज और टीम वाद्य कला कला पर साथी किन्नर कलाकारों ने साड़ी में बड़ा आश्चर्यजनक नृत्य किया।

दूसरी प्रस्तुति आर गीता द्वारा क्लिकुम्मी कुट्टम की रही। खेतों को सूखा से बचाने के लिए बारिश कराने की यह खास म्यूजिकल पद्धति नमो घाट पर जीवंत हो उठी। कोंडवा अड़ी-कोंडवा अड़ी गाते हुए महिलाओं ने डांडिया के साथ नृत्य किया। इस दौरान लाइव गायन भी चल रहा था।

तीसरी प्रस्तुति में काशी के अंशुमान महाराज और बाकी कलाकारों के वाद्य यंत्रों के नाम रही। इस दौरान उन्होंने वाद्य यंत्रों से राग बागेश्वरी का धुन बजाया। चौथी प्रस्तुति वाराणसी के भजन गायक डॉ विजय कपूर और टीम ने जोरदार प्रस्तुति दी। "ऊंचा है धरम-दीन, इमान है गंगा',"रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने, वही ये सृष्टि चला रहे हैं, जो पेड़ हमने लगाया पहले, उसी का फल हम अब पा रहे हैं' गाकर नमो घाट पर महफिल जमा दी। इसके बाद उन्होंने हैरत इलाहाबादी की रचना "आगाह अपनी मौत से कोई बसर नहीं"... और "सज धज कर जिस दिन मौत कर शहजादी आएगी, न सोना काम आएगा न चांदी आएगी...' गाकर दर्शकों और डेलीगेट्स को असल दुनियादारी से परिचित कराया। पांचवीं प्रस्तुति तमिलनाडु के कलाकारों के नाम रही। नृत्यांगना और कोरियाग्राफर गुरु अरुणा सुब्रमण्यम और उनकी शिष्याओं द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति भी दमदार रही। उन्होंने पुष्पांजलि, जिसमें भगवान गणेश की प्रार्थना, लिंगाष्टकम, शिवारंजिनी, मोहनानादमओदू आदि कई तरह की भरतनाट्यम नृत्य विधाओं पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। छठवीं प्रस्तुति यूपी के कलाकारों के नाम रही। शास्त्रीय नृत्य के बाद कजरी फोक डांस ने तमिल डेलीगेट्स को मुग्ध कर दिया। आठवीं प्रस्तुति कारागट्टम, नयांदी मेलम की रही।



# समाधान दिवस पर कुल सात प्रार्थना पत्र आए, निस्तारण रहा शून्य

## औपचारिकता बनकर रह गई समाधान दिवस, एक ही फरियादी कई बार समाधान दिवस पर चक्कर लगाता

**अखण्ड भारत संदेश**



**मांडा।** यमुनापार का मांडा क्षेत्र प्रयागराज व जिगना मीरजापुर जनपद का अन्तिम छोर सत्तर किमी दूरी होने के कारण जिले का कोई सक्षम अधिकारी समाधान दिवस पर आना अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। जिससे समाधान दिवस औपचारिकता बनकर रह जाती हैं और एक ही फरियादी कई बार समाधान दिवस पर चक्कर लगाता रहता हैं। शासन, प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं उदासीनता से फरियादी मायूस होकर घर के लिए लौट जाते है। ऐसे ही धीरे- धीरे आयोजित समाधान दिवस से फरियादियों ने मुंह चिढ़ा कर मोड़ ले रहे हैं। दिसम्बर साल का अन्तिम माह शनिवार को थाना समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार मांडा अशोक कुमार व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभात पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमे भूमि सम्बंधी सात फरियादियों ने अपना प्रार्थना पत्र दाखिल किए लेकिन समाधान निस्तारण के नाम पर शून्य परिणाम आने से फरियादी मायूस होकर अपने घर के लिए लौट जाते हैं। लेकिन दबंगो के सामने शासन प्रशासन की एक भी न चलने से भू माफियाओं का गिरोह सक्रिय होते नजर आ रहे हैं और न्याय के लिए फरियादियों ने सरकार को दोषी ठहराते हुए तरह- तरह की बाते कर रहे हैं।समाधान दिवस पर थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह, चौकी प्रभारी दिघिया व भारतगंज के अलावा राजस्व निरीक्षक नूर मोहम्मद, हल्का लेखपाल अशोक कुमार पाण्डेय सहित दर्जनों अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे। **इनका कहना :** थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा ने बताया कि समाधान दिवस पर राजस्व सम्बंधित सात प्रार्थना पत्र आए थे। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट ने समस्याओ को गंभीरता पूर्वक लेते हुए राजस्व टीम को निस्तारण करने के लिए सख्त निर्देशित कर रवाना कर दिए हैं। उक्त जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा वैभव सिंह ने दिया।

# बामसेफ द्वारा इस वर्ष मनाया जा रहा स्वर्ण जयंती

**जारी।** बामसेफ का गठन 1973 में हुआ था। और इस वर्ष बामसेफ गठन के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं,इन 50 वर्षों के पूर्ण होने पर प्रयागराज में बामसेफ का 40 वां राष्ट्रीय अधिवेशन लगाया जा रहा है। यह अधिवेशन किसान महाविद्यालय, खेराहट खुर्द, पटेल नगर जारी रीवा रोड, में 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बामसेफ के राष्ट्रीय संगठन सचिव सुरेश द्रविड़ ने बताया कि कल 10 बजे कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी, कार्यक्रम की शुरूआत में बामसेफ के ध्वज के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। एवं भारतीय संविधान और संगठन की प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा ली जाएगी, कार्यक्रम में संत कुमार पासवान सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा व पूर्व पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ मुख्य अतिथि के तौर पर पधारेंग, आर. आर. फुलिया सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ किसान नेता राकेश टिकैत बतौर सम्मानित अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे, किसानों की आवाज उठाने के संबंध में किसान नेता राकेश टिकैत को बामसेफ द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। और वह उदघाटन सत्र को संबोधित भी करेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गणोरकर करेंगे तथा संचालन बामसेफ के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ संजय इंगोले करेंगे।इस कार्यक्रम के लिए बामसेफ के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ संजय इंगोले ने बहुजन समाज के सभी संगठनों के सहयोगी साथियों से अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज में भाजपा एमलएसी हंसराज विश्वकर्मा का सम्मान समारोह आज



**सिरसा।** जिला पंचायत सभागार, पुलिस लाइन, कचेहरी रोड़ प्रयागराज में 24 दिसम्बर 2023 दिन रविवार सुबह 10 बजे के आसपास। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से बीजेपी के तीन बार जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा सदस्य (एमलएसी) हंसराज विश्वकर्मा का संगम नगरी प्रथम आगमन पर प्रयागराज के पावन धरती पर विश्वकर्मा समाज द्वारा स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया हैं। यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक हैं। किसी दल या पार्टी से कोई संबंध नही हैं। जिसमे सम्मानित विश्वकर्मा समाज के लोगो से अपील और विनम्र निवेदन किया गया हैं कि आप सब अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर एमलएसी हंसराज विश्वकर्मा का स्वागत सम्मान समारोह में उपस्थित होकर उनका सम्मान और स्वागत किया जाय। यह जानकारी कार्यक्रम के सह संयोजक अरविंद विश्वकर्मा (सदस्य जिला पंचायत सदस्य, प्रतापपुर, पूर्व महामंत्री काशी क्षेत्र भाजपा) एवं मीडिया प्रभारी विनोद विश्वकर्मा मेजा द्वारा सूचना दिया गया।

### गरीबों को ग्राम प्रधान ने घर घर पहुंचाया कम्बल

#### मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट की जानिब से हुई व्यवस्था



**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल मंत्री प्रधान अल्हवा ब्लॉक कोराव तथा सचिव मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा ग्राम अल्हवा में शहजादे प्रधान ने जरूरत मंद लोगों को ठंड से बचाने के लूलिया घर घर कम्बल वितरित किए। ग्राम प्रधान ने कहा कि दिखावे से बेहतर है कि हम जरूरत मंद लोगों को जो गरीब विधवा विकलांग असहाय हैं उन्हे घर पहुंचा कर मदद की जाए और उनकी दुआएं मिलें। आगे ऊपर वाला और तौफीक देगा तो और भी मदद की जायेगी।

### नगर पंचायत में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान चला



**मऊआइमा।** मऊआइमा पंचायत में दुकानदारों से दो किलो दो सौ ग्राम प्लास्टिक बरामद करते हुए सात हजार का जुमार्ना वसूला गया। उक्त अभियान लगातार चलता रहेगा। शनिवार को मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक हर्ष जय सिंह के नेतृत्व में नगर कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर, रुखसान आरिफ, कुल्लू, शिवकुमार आदि ने क्षेत्र के विभिन्न दुकानदारों पर छापामारी करके दो किलो दो सौ ग्राम प्लास्टिक बरामद कर सात हजार रूपया जुमार्ना वसूला गया। उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

### फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय ने घायल वृद्ध का कराया इलाज

**हनुमानगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा-बनी में तैनात फार्मासिस्ट रवि व वार्ड बॉय वीरेंद्र सिंह ने इस सर्दी में अनजान घायल एक बुजुर्ग को सीएचसी लाकर उसका उपचार कराया। पैर के घाव की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अविनाश कुमार ने उसे स्वरूपरानी अस्पताल रेफर कर दिया।

# पहले जमीन रजिस्ट्री कराई फिर खाते से उड़ा दी रकम

**सरायइनायत थाने में क्रेता के रिस्तेदार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज**

**विक्रेता की मौत के बाद वरासत के समय परिजनों को हुई जानकारी**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सुदनीपुर कलां गांव में एक 85 वर्षीय वृद्ध को बरगलाकर गांव के ही लोगों ने पहले उसकी जमीन रजिस्ट्री कराई फिर बाद में जमीन के एवज में बैंक खाते में चेक द्वारा दी गई रकम भी निकाल ली। वृद्ध के मृत्योपरांत परिजनों को जब इसका पता चला तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सुदनीपुर कलां गांव निवासी उग्रसेन द्विवेदी ने बताया कि 85 वर्षीय बीमार चल रहे उसके पिता त्रिपुरारी द्विवेदी को गांव के ही कतिपय लोगों ने बरगला कर लाखों रूपए की कीमती जमीन अपने नाम बैनामा करा लिया और इसकी भनक किसी को नहीं लगी। डेढ़ महीने बाद पिता की मौत होने पर जब जमीन वरासत होने लगी तब लेखपाल से बैनामा के बाबत जानकारी हुई। हैरानी की बात यह है कि बैनामा के एवज में बैनामा धारकों ने जिस एचडीएफसी बैंक खाते में पैसा डाले थे उस बैंक खाते की जानकारी परिजनों को थी ही नहीं। पीड़ित ने जब बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि विक्रेता के खाते में डाली गई 30 लाख रुपए की रकम में से 15 लाख रुपए एटीएम के द्वारा निकाली जा चुकी हैं। आरोप है कि बैंक से लाखों रूपए निकालने वाले लोग कोई और नहीं बल्कि बैनामा धारक का रिस्तेदार है। पीड़ित ने खाते में शेष रकम को पाबंद करते हुए थाने में गांव के ही एक महिला समेत छह के विरुद्ध नामजद तहरीर दी किंतु पुलिस ने केवल खाते से रकम निकालने वाले को दोषी मानते हुए आरोपी के रिस्तेदार फूलचंद यादव के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**मऊआइमा।** पांच दिवसीय समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन समाप्त हुआ। मऊआइमा ब्लाक संसाधन केंद्र पर शासन के मंशा के अनुरूप समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत खंड शिक्षा अधिकारियों विमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आरम्भ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित करके शुरू किया। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 23 द्वितीय में 22 की संख्या में दो पालियों में प्रशिक्षण चला। ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करना है। शनिवार को इसका समापन खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के आशीवर्चचनी से हुआ संदेश दाता कुसुम द्विवेदी,आशा मिश्रा,अजय कुमार, स्पेशल एजुकेटर्स थे। प्रशिक्षण शिविर में गंसियारी के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शफी,तथा हरिसेनगंज के राम जी तिवारी का पूर्ण सहयोग रहा।इस अवसर पर सन्त लाल मौर्या, महेश यादव, उदय सिंह यादव, अनुपमा प्रताप चंचल, अजय कुमार स्पेशल एजुकेटर्स, आशा मिश्रा स्पेशल एजुकेटर्स,कुसभा द्विवेदी स्पेशल एजुकेटर्स आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने उच्च प्रतिभा का किया प्रदर्शन : डॉ संतोष

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** प्रयागराज शनिवार को करछना तहसील क्षेत्र के माधवेन्द्र इण्टर कॉलेज बराव करछना में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने उच्च प्रतिभा का प्रदर्शन किया।छात्र छात्राओं ने प्रमुख रूप से अम्ल वर्षा चक्र, कम्पोजिट पिट, सौर मंडल, पवन चक्की, टरबाइन, डेनियल सेल सहित लगभग सैकड़ो मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ संतोष कुमार सिंह प्रधानाचार्य श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज घटवा एवं अमित पाण्डेय प्रधानाचार्य श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा ने निरीक्षण कर प्रतिभागियों को मैडल प्रदान कर उत्साह वर्धन किया। डॉ. संतोष सिंह ने छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ अपनी सृजनात्मकता और इनोवेटिव सोच को विकसित करना भी जरूरी है। स्कूलों में ऐसे वातावरण तैयार किये जाने की आवश्यकता है जिससे बच्चों के अंदर छिपी सृजनात्मक क्षमता का विकास हो सके।विद्यालय के प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया।उक्त कार्यक्रम में अखिलेश शुक्ला, दिलीप कुमार शर्मा, भुवनेश्वर पाण्डेय, दिनेश विश्वकर्मा, प्रभात गुप्ता, के के द्विवेदी, अजीत सिंह, शिप्रा सिंह, शशिकांत पाण्डेय, विमलेश कुमार, गोविन्द प्रसाद, प्रतिभा यादव सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# एस.डी. पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी खेलकूद कार्यक्रम का समापन




**सिरसा।** मेजा विकास खण्ड उरुवा के अंतर्गत रामनगर में एस0डी0 पब्लिक स्कूल का पांच दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी खेलकूद का कार्यक्रम का समापन उरुवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम एवं खंड विकास अधिकारी एवं दिनेश सिंह द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से विज्ञान प्रदर्शनी में येलो हाउस प्रथम रहा , रेड हाउस द्वितीय ,ग्रीनहाउस तृतीय, ब्लू हाउस चतुर्थ रहा, खेलों में प्रमुख रुप से बैडमिंटन जिसमें शिवांग सिंह प्रथम, सुधांशु विश्वकर्मा द्वितीय एवं गर्ल्स बैडमिंटन इशिका सिंह एवं साक्षी यादव प्रथम रही तीरंदाजी में सदाब अली ,खुशबू यादव प्रथम रही लंबी कूद में गंगेश मिश्रा प्रथम रहे , गोला फेक में सचिन मिश्रा प्रथम ,बॉल पिकअप में कोमल तिवारी प्रथम एवम् आकांक्षा रही,संगीत गायन में युवराज यादव प्रथम रहा है इसके अलावा अन्य खेल जैसे बालीवाल ,कबड्डी रस्ताकशी, रेस ,वाटर बकेट रेस ,लंबी कूद, ऊंची कूद म्यूजिकल चेयर, हर्डल रेस ,पिलर रेस , जलेबी रेस इसके अलावा विभिन्न प्रकार के खेल कराएं गए,जिस में बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिवक्ता आत्माराम सिंह, अधिवक्ता अभय राज यादव, जेई प्रदीप अवस्थी, एडीओ एस टी बृजेश कुमार, एडीओ आईएसबी कमलेश कुमार सिंह, तकनीकी सहायक उदयवीर सिंह, रामेश्वर यादव, प्रबंधन नीरज सिंह यादव निदेशक पंकज सिंह यादव एवं प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू, माता मणि शर्मा खेलकूद एवं विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजक शिक्षक इरशाद एवं पंकज शर्मा ने भरपूर प्रयास करके शानदार प्रदर्शन करने में बच्चों का पूरा सहयोग किया साथ ही साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भरपूर सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

## समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मान समारोह आज

**करछना।** समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना के अनघ मंडपम जबरगंज बाजार हिंदू पुर स्थित अतिथि गृह में समाजवादी पार्टी जमुना पार के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह 24 दिसंबर दिन रविवार को समय अपराहन 1:00 बजे आयोजित किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जमुना पार के जिला अध्यक्ष आदरणीय पप्पू लाल निषाद जी तथा जिले के सम्मानित पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू करेंगे विधानसभा क्षेत्र के समस्त सम्मानित कार्यकताओं पदाधिकारियो से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है समारोह मे पार्टी के पदाधिकारियो एवं निष्ठावान कार्यकताओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक ओ. पी. सिह (कबूतर) जिला उपाध्यक्ष जमुना पार ने भी समस्त पदाधिकारियो को समय से पहुंचने की अपील की है। उक्त आशय की जानकारी विधानसभा क्षेत्र के महामंत्री प्रदीप निषाद ने दी है।

# भारत में सभी धर्मो को समानता का प्राप्त है दर्जा : डॉ. स्वतंत्रता मिश्रा

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में क्रिसमस डे के उपलक्ष में आयोजित हुआ रंगा रंग कार्यक्रम



**मेजा।** क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के लोगो का हैं परंतु हम सभी धर्म निरपेक्ष भारत में रहते हैं जहा सभी धर्मो को समानता का दर्जा प्राप्त है। इस लिए भाई चारे की भावना का प्रदर्शन करने हेतु हम सभी धर्मावलंबी एक दूसरे की त्योहारों मे समलिति होते हैं। यही भारत की अनेकता में एकता की भावना की प्रतीक हैं। उक्त उदगार दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज की प्रबंधक श्रीमती डॉ. स्वतंत्रता मिश्रा ने शनिवार को स्कूल प्रांगण में क्रिसमस डे के उपलक्ष आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बच्चे सेंटाकलाज और परियों के ड्रेस में स्कूल आए तथा उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बेहद सराहनीय रहा छोटे एवं बड़े बच्चे अपने बीच सेंटाकलाज को पाकर काफी प्रफुल्लित हुए। इस दौरान उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व ईसाइयों का है भारत में सभी धर्मो को समानता का दर्जा दिया गया है। जिसको चलते हम सभी क्रिसमस के पर्व को शांति सहयोग सदभाव व प्रश्नता पूर्वक मानते है क्रिसमस पर्व पर प्रतिकाकतम्क सेंटा बच्चो को प्रश्नता प्रदान करता है। साथ ही साथ बच्चो को जीवन में उनके माता पिता शिक्षक गुरू व श्रेष्ठ जन विभिन्न समस्याओं में उनका साथ एवं उपहार देकर वास्तविक सेंटा की भूमिका निभाते रहें हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की सभी शाखाओं में दीप प्रज्ज्वलित किया गया कार्यक्रम में स्कूल छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की सराहनीय प्रस्तुति भी की गई जिसकी उपस्थित लोगो ने भूरि भूरि प्रशंसा किया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन ऐडवोकेट सुशील मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त करते हुए नव वर्ष 2024 की बधाई दिया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाए स्कूल वाहन चालक तथा अन्य स्टाप के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




## कैंपस प्लेसमेंट मे डिप्लोमा के 30 छात्र हुए चयनित

**करछना।** प्रयाग इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बेंदौ मे शनिवार को कॉलेज परिसर मे डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल ब्रांच के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट में बजाज मोटर लिमिटेड, जेएनएस इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड, एनएचके स्प्रिंग इंडिया लिमिटेड एवं जेपीएम ऑटोमोबाइल कंपनी द्वारा लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के बाद अंतिम रूप से 30 छात्रों को चयनित किया गया।बजाज मोटर लिमिटेड द्वारा 5 छात्रों, जेएनएस इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड द्वारा 18 छात्रों, एनएचके स्प्रिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा 3 छात्रों एवं जेपीएम ऑटोमोबाइल द्वारा 4 छात्रों को चयनित किया गया। चयनित छात्रों को संस्थान के सचिव विकास सिंह पटेल ने बधाई दी। संस्थान के प्राचार्य डॉ0 राम रक्षा त्रिपाठी ने सभी छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किया और कुलसचिव आशीष तिवारी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्थान के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह पटेल ने इस कैंपस प्लेसमेंट हेतु प्लेसमेंट ऑफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव के कार्य की सराहना की। इस मौके एकेडमिक कोऑर्डिनेटर एच एल पटेल एवं विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह , रवींद्र सिंह , मनीष सिंह, भोला पांडेय, हिमांशु द्विवेदी , महिपाल सिंह अरविंद पांडे, आशुतोष तिवारी, स्वेता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# घटनाओं को छिपा कर क्या क्राइम कंट्रोल होगा!

## एक ग्राम प्रधान एवं पत्रकार की दो माह बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** सरकार भले ही अपराध मुक्त के लिए कृत संकल्प हो किंतु कुछ ऐसे भी थाना पुलिस है जहा अपराध को छिपा कर मुकद्दमें न लिख कर विभागीय अफसरानों के निगाह में क्राइम कम होने का आडंबर वाहवाजी दिखाते हैं। जबकि छोटी या बड़ी घटना को नजर अंदाज कर बड़ी घटना को जन्म दिया जाता है। ऐसा ही नजारा कोरांव थाने में देखने को मिल रहा है। जहा एक वरिष्ठ ग्राम प्रधान और पत्रकार के साथ घटित घटना की दो माह बाद बीत चुके किंतु केस नहीं दर्ज हुआ। ऐसा ही एक वाकेया ग्राम अल्हवा के ग्राम प्रधान लीडर वरिष्ठ पत्रकार ए ए सिद्दीकी के साथ १० अक्तूबर २०२३ को हुआ,जब ग्राम प्रधान पाल बस्ती अल्हवा में स्थित सार्वजनिक मार्ग पर मनरेगा योजना से स्वीकृत इंटर लाकिंग सड़क निर्माण का कार्य गांव के आदिवासी श्रमिकों आदि के साथ करा रहे थे। कि अचानक अपशब्दों के साथ जाति सूचक गालियां धमकियां देते हुए प्राण घातक हमला कर दिया। किंतु किसी तरह बच गए थे। पुलिस को सूचना देने पर तुरंत घटनास्थल पुलिस टीम आ कर हमलावरों को पकड़ ले गई। किंतु थाना अध्यक्ष कोरांव ने एक को ससम्मान थाने से छोड़ दिया और एक को 151 में मेजा एसीपी कोर्ट में चालान कर दिया। परंतु केस नहीं दर्ज की। इस बाबत प्रधान ने डीएम,सीडीओ,डीसीपी प्रयागराज से लिखित शिकायत किया। डीसीपी यमुना नगर ने एसीपी मेजा से जांच कराई। घटना के समय गवाहों के बयान आदि के पश्चात डीसीपी प्रयाग्राज को आख्या भेजी। आश्चर्य तो यह है कि एसीपी मेजा की आख्या के बावजूद डीसीपी यमुनानगर ने सीधे एस ओ कोरांव को नियमानुसार कार्यवाही का आदेश दे डाला। फिर क्या था पुलिस जिस मुलजिम को बचाना चाहती थी,डीसीपी को लिख कर भेज दिया भूमि विवाद था। जबकि प्रधान और हमलावर का घटनास्थल पर कोई भूमि या हिस्सा आदि का विवाद नहीं था बल्कि हमलावर अपराधी गुंडई से सड़क नहीं बनाने दे रहे थे। इस संबंध में प्रधान ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज को भी शिकायती पत्र दिया। जन प्रतिनिधियों ने भी चिट्ठी लिखी, मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ को भी पीड़ित प्रधान ने याचना पत्र लिखा। अब देखना है कि आयोग क्या कदम उठाता है। फिलहाल पुलिस आयुक्त प्रयागराज को ग्राम प्रधान ने पत्र लिख कर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किए जाने की मांग की है। अन्यथा न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होना पड़ेगा। इसी प्रकार कोरांव में आए दिन बड़ी घटनाएं घट रही हैं चोरियां निरंतर हो रही हैं कई गंभीर अपराध हुए और हो रहे हैं किंतु घटनाओं को तोड़ मरोड़ कर दर्शा दिया जा रहा है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा। दलालों की चांदी है।

## सहसों में महापौर आज करेंगे कंबल वितरण

**सहसों।** प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी सहसों के कसेरूआ कला स्थित गांधी भवन पर आज रविवार को गरीबों और असहायों को कंबल वितरित करेंगे। आयोजक अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि सर्द हवा से ठंड बढ़ने के कारण क्षेत्र के असहाय, गरीब एवं निराश्रित वृद्ध जनों को कमल वितरण के साथ ही एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मुख्य मुद्दा होगा।

## बच्चों द्वारा बाल मेला आयोजित कर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लगाए स्टॉल



**सहसों।** गुलालपुर हेतापट्टी स्थित महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जयंती पर बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का कलाकृतियों द्वारा सजावट के साथ स्टॉल भी लगाए। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने किसान सचेतक चरण सिंह के जयंती पर उनको याद करते हुए नमन किया। तथा बच्चों द्वारा बनाए गए केक को काटकर बच्चों सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को खिलाया। तथा छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा के बारे में बताते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। बाल मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल पर जाकर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बच्चों ने भी सुंदर व्यंजनों का रसास्वादन लिया। बाल मेले में प्रमुख रूप से विद्यालय के डायरेक्टर कृष्णा तिवारी, प्रधानाचार्य मूलचंद एवं रमेश कुमार द्विवेदी, दीपिका सिंह, अभिनव शुक्ला, अंजलि तिवारी सहित विद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं लिज्जत व्यंजनों का स्वाद चकते उपस्थित रहे।

# न्यायमूर्ति ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला पंचायत सभागार में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस एवं उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम अन्तर्गत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद शेखर यादव जी के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्ष देव पाण्डेय एवं जिला विकास अधिकारी भोला नाथ कनौजिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा एस0पी0 श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक, सुभाष मौर्य, जिला कृषि अधिकारी, मुकेश कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सुरेश कुमार यादव अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, श्रीमती अर्पिता राय, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोरांव, प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कृषि अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया।उप कृषि निदेशक, प्रयागराज द्वारा सभी





अतिथियों का स्वागत करते हुए भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए विभागीय योजनाओं सहित कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की गयी तथा मिलेट्स पुनरोद्वार योजनान्तर्गत कृषकों को देय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। मदनसेन सिंह वैज्ञानिक, शुआट्स नैनी, प्रयागराज द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में रासायनिक खाद का प्रयोग करने से मिट्टी कमजोर हो गयी है इसलिये खेतों में सनई, ढैंचा एवं गोबर की खाद का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा भूमि शोधन एवं बीज शोधन करने से आपकी फसल रोगमुक्त तथा मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा एवं उत्पादन भी अच्छा होगा। कृषकों को अधिक उत्पादन करने के लिये वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की अवश्यकता पर बल दिया गया। न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद शेखर यादव जी ने अपने सम्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री जी को किसानों का मसीहा बताते हुए कृषकों को जानकारी दी कि पूर्व प्रधानमंत्री जी ने निश्चित रूप से किसानों की पीड़ा समझी इसलिये उन्होंने किसानों के उत्थान का बीणा उठाया। मा न्यायमूर्ति जी द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिये प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक खेती करने से होने वाले लाभ की स्थितियों से अवगत कराया गया। पशुपालन पर चर्चा करते हुए गाय पालन के बारे में जानकारी देते हुए गाय के दूध के महत्व के बारे में बताया गया। अन्न के अन्तर्गत आने वाले बाजरा, कोदो, सांवा आदि का उपयोग करने के लिये कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। आज के कार्यक्रम में कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा कृषकों की जानकारी के लिये 25 स्टाल लगाये गये तथा लगभग 510 कृषकों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में एडीएम (प्रशासन) एवं डीडीओ द्वारा कृषि में गेहूँ, धान, चना, बाजरा एवं सरसों फसल में अच्छी उत्पादकता प्राप्त करने वाले 12 कृषकों में 06 को प्रथम एवं 06 को द्वितीय पुरस्कार, उद्यान में अमरुद, केला, आलू, एवं प्याज के 08 कृषकों में 04 को प्रथम एवं 04 को

### अपने-अपने क्षेत्र में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

द्वितीय पुरस्कार, मत्स्य पालन में 08 किसानों को मछली उत्पादन के क्षेत्र में 04 को प्रथम एवं 04 को द्वितीय पुरस्कार, एवं पशुपालन में 08 किसानों को अधिक दुग्ध उत्पादन प्राप्त करने पर 04 को प्रथम एवं 04 को द्वितीय पुरस्कार तथा 02 महिला कृषकों को पशुपालन के क्षेत्र में विशिष्ट महिला पुरस्कार 01 को प्रथम एवं 01 को द्वितीय पुरस्कार इस प्रकार कुल 38 कृषकों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने पर शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद के 01 कृषक बद्री प्रसाद पुत्र माता प्रसाद को राज्य स्तर पर धान फसल में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एडीएम (प्रशासन) द्वारा कृषकों, अधिकारियों, मीडिया सेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

# गीता पांडेय बनी अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** श्रीमती गीता पांडेय को अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद प्रयागराज के समस्त विकासखंड एवं जनपद कार्यकारिणी सदस्यों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई संदेश प्रेषित किया।श्रीमती गीता पांडेय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुदनीपुर कला विकासखंड बहादुरपुर, जनपद प्रयागराज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इसके पूर्व श्रीमती पांडेय अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रही। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय रामपाल सिंह जी के निधन के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद रिक्त था। शनिवार को शिक्षक भवन नई दिल्ली में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से श्रीमती गीता पांडेय को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर अखिलेश द्विवेदी जिला अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद प्रयागराज ने उनके चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे जनपद प्रयागराज के लिए गौरव का क्षण बताया। डॉक्टर प्रशांत कुमार ओझा जिला मंत्री, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसे पूरे प्रदेश के लिए एक उपलब्धि बताते हुए जनपद व ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्यों से उनके दिनांक 24 12 2023 को जनपद आगमन पर उनका स्वागत करने की अपील की।



# रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने प्राथमिक विद्यालय बहरिया में 50 आधुनिक डेस्क बेंच का निशुल्क वितरण किया

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने प्राथमिक विद्यालय, बहरिया, जिला प्रयागराज में तीन विद्यार्थियों के बैठने युक्त 50 डेस्क बेंचो का निशुल्क वितरण किया। यह कक्षा 1 से 5 तक के 125 विद्यार्थियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था है जो अभी तक जमीन पर या दरी पर बैठकर पठन-पाठन करते थे।इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अमृता अग्रवाल, प्रदीप मुखर्जी, पंकज जैन, विद्युप अग्रहरि, संजीव कपूर, राधा सक्सेना, शेफाली अग्रवाल, अनिल नर्सरिया, सपना नर्सरिया व शमीर्ली जैन उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने बहुत ही मनमोहक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। रोटरी साक्षरता अभियान के अंतर्गत क्लब अध्यक्षा अमृता अग्रवाल व क्लब सचिव ऋतु कमल अग्रवाल के नेतृत्व में डेस्क बेंचों का निशुल्क वितरण इसी कड़ी में एक सफल कार्य योजना थी।

## सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह

**नैनी।** नैनी अरैल सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा रविवार को समय 12 बजे से छठवां वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह कियारा गेस्ट हाउस डीपीएस स्कूल के पास आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथियों में महापौर गणेश केसरवानी, महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कौशल्या नंद गिरी टीना मां, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी नागेन्द्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अमित पाण्डेय,जोनल अधिकारी-5 नैनी, डिप्टी रजिस्ट्रार हाईकोर्ट ममता द्विवेदी, आशीष कुमार मिश्रा आईजी कार्यालय, कथावाचक अभिषेक किंकर महाराज आदि उपस्थित रहेंगे। पैथोलॉजी पांइट के चिकित्सीय परामर्श डां.अरूण शर्मा एवं डां.विनय तिवारी द्वारा निः शुल्क स्वास्थ शिविर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा अतिथियों का सम्मान, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों, महिलाओं एवं बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

# आरके ग्रुप में आयोजित कार्यक्रम गूंज का समापन

**नैनी।** नैनी आर0के0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में नवागंतुक छात्र-छात्राओं हेतु 02 दिवसीय स्वागत समारोह गूंज के अंतिम दिन शनिवार के कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी एवं विभिन्न संस्थागत प्राचार्यों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 रीता बहुगुणा जोशी, मा0 सदस्य लोक सभा प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथियों में सुरेश कुमार त्रिपाठी (पूर्व विधान परिषद सदस्य) एवं अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश, संजय कुमार, कुलसचिव प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ0 आशीष सचान, चेयरमैन रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, अमरेन्द्र नाथ सिंह, सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश, डॉ0 राधा कान्त ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रयागराज, शैलेश प्रताप सिंह, जेलर जिला जेल प्रयागराज रहे। चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं





अंगवस्त्रों के माध्यम से किया। इसके पश्चात संस्थागत छात्रों ने समूह नृत्य के माध्यम से सरस्वती वन्दना स्वागत गीत एवं विभिन्न प्रकार के अन्य गीत, गजल, तथा विभिन्न विषयों पर नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया। संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रयाग विधि महाविद्यालय बीए एलएलबी से मिस्टर फ्रेशर विकास कुमार एवं मिस फ्रेशर साक्षी सिंह तथा एलएलबी से मिस्टर फ्रेशर मंगला प्रसाद ओझा एवं मिस फ्रेशर सिमॉन को तथा आर के स्कूल आफ नर्सिंग से जीएनएम से मिस्टर फ्रेशर तौसीफ अहमद एवं मिस फ्रेशर पिंकी पाल तथा एएनएम से मिस फ्रेशर प्रतिमा यादव को चुना गया। इसी क्रम आरके कालेज ऑफ फॉमेर्सी से डीफार्म से मिस्टर फ्रेशर दीपक यादव एवं मिस फ्रेशर कोमल गुप्ता तथा बी0फार्म से मिस्टर फ्रेशर हर्ष पाण्डेय एवं मिस फ्रेशर नीतू पाण्डेय को चुना गया। चयनित छात्र-छात्राओं को चन्द्रनाथ त्रिपाठी (अध्यक्ष सुनहरा भविष्य विकास समिति) एवं निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी ने ताज पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति लब्ध विभिन्न प्राचार्यों तथा शिक्षको को मा. लोक सभा सदस्य डॉ. रीता बहुगुणा जोशी (मुख्य अतिथि) द्वारा कौटिल्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया एवं विभिन्न मीडिया पत्रकारों को सुरेश कुमार त्रिपाठी द्वारा अंगवत्र एवं डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्त मे संस्था के निदेशक डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विभिन्न विभागों के विभागाचार्यों एवं शिक्षकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनायें एवं बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में विधि प्राचार्य डॉ. मुहम्मद जफर एवं समस्त विधि आचार्य फामेर्सी प्राचार्य डॉ0.सीएस सिंह एवं समस्त शिक्षक, नर्सिंग प्राचार्या केएच विक्टोरिया देवी एवं समस्त नर्सिंग शिक्षिकाएं, पैरामेडिकल प्राचार्य डॉ. विशाल उपाध्याय एवं समस्त शिक्षक, रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला, धीरज मिश्रा, सुशील कुमार शुक्ला, गुरु प्रसाद द्विवेदी एवं समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या क्षेत्रीय आमंत्रित गण तथा हजारो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा आज प्रातः पी0डी0टण्डन पार्क रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। पी0डी0टण्डन पार्क में बने दो पुरूश तथा एक महिलाओं के लिए अस्थाई रैन बसेरों में 19 पुरूश तथा 4 महिलाएं सोते हुए पाए गये जिनका मौके पर रजिस्टर भी चेक किया गया। उपयोग में लाये जाने वाले रजाई-गद्दों की संख्या पर्याप्त मात्रा में पायी गयी साथ ही चादर, रजाई गद्दों की खोल भी साफ सुथरी पायी गयी। रैन बसेरा के केयरटेकर ने बताया कि रात्रि में पर्याप्त अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से करायी जाती है षहर के विभिन्न चौराहों पर तथा रैन बसेरों के आस-पास, सड़क के किनारों से, सो रहे लोगों को देर रात तक अपर नगर आयुक्त महोदय की टीम द्वारा रैन बसेरों में नियमित रूप से लाया जाता है। नगर आयुक्त ने अवर अभियन्ता को निर्देषित किया कि निरन्तर चादरें बदली जाये तथा रजाई-गद्दों की खोलों को भी बदली जाये साथ ही



रात को नियमित रूप अलाव इत्यादि की व्यवस्था सुनिष्चित करायी जाये एवं रैन बसेरों के चारो ओर साफ-सफाई का विषेश ध्यान रखा जाय। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त(ए) को निर्देषित किया कि इधर-उधर सडकों पर रात बिताने वाले लोगों को प्रतिदिन रात में अभियान चलाकर रैन बसेरा में षिफ्ट करने का कार्य नियमित रूप से किया जाए। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा पी0डी0टण्डन पार्क के पास बने वेन्डिंग जोन का निरीक्षण किया गया। पत्थर गिरजाघर के आस-पास निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा आगामी 25 दिसम्बर को क्रिसमस त्योहार के दृश्टिगत निगम क्षेत्र के सभी गिरजाघर के आस-पास तथा लिंक मार्गों, गलियों में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देष अपर नगर आयुक्त तथा जोनल अधिकारी को दिये गये। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा आवष्यक निर्देष के साथ प्रयागघाट रेलवे स्टेषन के बगल बने सुलभ षौचालय का तथा म्योहॉल चौराहे के पास स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित व्यायामषाला (जिम) का भी निरीक्षण किया गया। प्रयागराज में मा0 मुख्यमंत्री जो के सम्भावित आगमन के दृश्टिगत नगर आयुक्त द्वारा नागवासुकी से परेड ग्राउण्ड तक, त्रिवेणी मार्ग, फ्लोटिंग रेस्टोरन्ट तथा मौजगिरी घाट आदि का निरीक्षण किया गया, इस दौरान नगर आयुक्त द्वारा साफ-सफाई के साथ पिकिंग कार्य कराये जाने के साथ तथा घाटों की साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित अपर नगर आयुक्त (बी) व अन्य अधिकारियों को निर्द्रेष दिये गये।



# सेंट पीटर्स स्कूल छतवां में धूमधाम से क्रिसमस पर्व मनाया गया

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खण्ड उरुवा छतवा सिरसा में सेंट पीटर्स स्कूल में शनिवार को क्रिसमस मनाया गया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों के लिए क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया जिसमें स्कूल के शिक्षकों ने छात्रों के मनोरंजन के लिए खाद्य पदार्थों और खेलों सहित स्टॉल लगाए थे। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब मौज-मस्ती की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने बताया कि इस वर्ष बाल दिवस पर दिवाली की छुट्टियों के कारण

### क्रिसमस पर्व पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कर सभी का मन मोहा- मैनेजर ऋषभ कुमार

विद्यालय विद्यार्थियों के लिए बाल दिवस उत्सव का आयोजन नहीं कर पाया, इसलिए क्रिसमस मेले का आयोजन किया गया ताकि छात्र अपनी शीतकालीन छुट्टियों से पहले इस दिन का भरपूर आनंद उठा सकें। विद्यालय के सभी शिक्षिक - काजल यादव, पूनम कुशवाहा, आंचल केशरी, अमिता यादव, रूबी केशरी, ममता उपाध्याय, सौम्या केशरी, सरिता अग्रवाल, निशि, सीमा केशरी, प्रवीण उपाध्याय, रागिनी केशरी, नीरज पाल और सृष्टि सिंह ने उत्सव में भाग लेने वाले छात्रों और अभिभावकों के लिए स्वादिष्ट भोजन और खेलों की व्यवस्था करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। विद्यालय की प्रिंसिपल ने कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद, उनके योगदान के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम में आने के लिए पत्रकारों और मीडिया को धन्यवाद दिया और सभी को मेरी क्रिसमस और नए साल 2024 की शुभकामनाएं दीं।



# किसान दिवस के अवसर पर किया गया किसानों का सम्मान

**नैनी।** नैनी किसान दिवस के अवसर पर किया गया किसानों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नैनी मंडल के तत्वाधान में संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज के द्वारा बुजुर्ग किसान फूलचंद पाल एवं सियाराम कुशवाहा का माल्या अर्पण कर के स्वागत एवं अभिनंदन किया गया संजय श्रीवास्तव ने कहा किसानों के ही भरोसे पूरे देश की जनता को अन्य मिल रहा है इसलिए हम सभी लोगों का परम कर्तव्य है कि किसानों का सम्मान किया जाए इस अवसर पर नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील विश्वकर्मा, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत दास, सियाराम शर्मा, नित्यानंद मिश्रा, धर्मराज पटेल, महामंत्री उमेश सेन, पीयूष कांत मिश्रा, आदि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नैनी मंडल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीडीओ ने हरी घास काटकर गौ माता को खिलाकर मनाया किसान दिवस

**सोरांव।** शनिवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर सोरांव ब्लॉक अंतर्गत बने दोनो गौशाला का औचक निरीक्षक खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने किया। और सभी गायों को ठंड से बचने के लिए कोउ कोट भी पहनाया। और ठंड से बचाव के लिए लगाए गए त्रिपाल की गुणवत्ता भी देखी। सबसे पहले ग्राम पंचायत सोरांव में स्थित आदर्श गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण बीडीओ सुनील कुमार ने किया। और वहां पर मौजूद कुल 120 गायों को गुड़, चुनी चोकर हरा चारा आदि खिलाकर गौ माता का आशीर्वाद लिए। तथा बीडीओ ने गौशाला में बोई गई हरी घास(बारसेम) की कटाई भी किया। वहीं कान्हा गो आश्रय स्थल हाजीगंज का में भी ठंड से बचाव हेतु मवेशियों को काउकोट भी पहनाया गया। तथा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि भारत में हर साल 23



दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। इसी दिन भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस है। किसान, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और ग्रामीण समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं। इसलिए देशभर के किसानों को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के लिए हर साल राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि किसान को अन्नदाता या धरती पुत्र भी कहा जाता है। पूरी दुनिया में अमीर हो या गरीब, नौकरीपेशा हो या उद्योगपति सभी, भोजन के लिए किसान की मेहनत पर आश्रित है। पूरे साल दिन-रात, गर्मी, बारिश और ठंड की परवाह किए बिना किसान अपनी मेहनत से खेतों में फसलें उगाता है और पूरे देश की भूख मिटाने का काम करता है। इसलिए किसानों के परिश्रम को सम्मान देने के लिए हर साल 23 दिसम्बर को किसान दिवस मनाया जाता है। वहीं सचिव कौशल कुमार ने भी बताया कि किसानों के श्रम और बलिदान को पहचानने के लिए हर साल राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। इस दिन का उपयोग किसानों को उनकी उपज बढ़ाने के लिए नवीनतम कृषि ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी किया जाता है। इस मौके पर एपीओ मनरेगा देवानंद श्रीवास्तव,ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद अली, पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव, संग गौपालक और सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# गांव को सजाने और संवारने में प्रधानों की भूमिका अहम : प्रवीण पटेल



**उतरांव।** गांव को सजाने और संवारने में प्रधानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबंध है। उक्त बातें फूलपुर विधानसभा के बहादुरपुर ब्लाक अंतर्गत मंडौर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खेल के मैदान में आयोजित मेले में क्षेत्रीय विधायक प्रवीण सिंह पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में प्रधान पति बेलाल अहमद ने विधायक समेत अंय अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मेले में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जिम्मेदार लोगों ने ग्रामीणों को विविध जानकारी दी। विकास संबंधित ग्रामीणों से आवेदन भी मांगे गए। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार यादव तथा अध्यक्षता आलोक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बहादुरपुर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार, सहायक विकास रवि कुमार मौर्य, सचिव रुबि यादव, मानसिंह ,नंदलाल सिंह, अमर सिंह ,रेखा कुशवाहा, मोहम्मद जफर ,पूनम यादव, सरस्वती देवी, मकसूद अहमद, डॉक्टर सुरेश सिंह, राकेश सिंह, पिंटू केसरवानी आदि भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्राम प्रधान मेशरा जुबेर ने मेले में आए सभी लोगों का आभार जताया।

# अन्याय के खिलाफ प्रतिकार ही अधिवक्ता धर्मः प्रमोद तिवारी

## न्यायिक मिशन को मजबूत बनाने के लिए रामपुर खास सुविधाओं से दिखेगा सुसज्जितः मोना

### लालगंज तहसील परिसर में हुआ भव्य अधिवक्ता अलंकरण समारोह

**अखंड भारत संदेश**



अधिवक्ता अलंकरण सम्मान समारोह में बोलते प्रमोद तिवारी व मोना।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज तहसील परिसर में शनिवार को अधिवक्ता अलंकरण समारोह के तहत जिला स्तरीय अधिवक्ता सम्मेलन सोल्लास सम्पन्न हुआ।

स्थानीय तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओं के साथ सम्मेलन में पड़ोसी जिले गौरीगंज, रायबरेली, प्रयागराज तथा जिले की कुण्डा, सदर, रानीगंज व जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं की भी कार्यक्रम में जोरदार भागीदारी दिखी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के साथ सिविल जज अरविन्द सिंह, एसडीएम लालधर सिंह यादव व सीओ रामसूरत सोनकर तथा तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि अन्याय के खिलाफ प्रतिकार की आवाज उठाना ही सच्चा अधिवक्ता धर्म है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं को सम्पूर्ण न्याय दिलाने के लिए वंचितो के लिए सही आवाज उठानी चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि न्यायिक प्रणाली में जरूरतमंद को न्याय की अनुभूति तभी हुआ करती है जब न्यायिक क्षेत्र में उसका पक्ष मजबूती से रखा जा सके।

विधायक आराधना मिश्रा मोना ने तहसील परिसर में पेयजल संसाधन को और सुदृढ़ बनाने के साथ जन सुविधाओ के लिए पांच लाख रुपए विधायक निधि से मुहैया कराने की घोषणा की। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने दीवानी अदालत के लिए सांसद निधि से स्वीकृत पचीस लाख रुपए तथा तहसील परिसर में सुविधायुक्त अधिवक्ता शेड के लिए भी शीघ्र कार्ययोजना की मंजूरी दिलाये जाने का अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया। सिविल जज अरविंद सिंह, एसडीएम लालधर सिंह यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, ईओ पदमजा मिश्रा ने भी वंचितों को न्याय दिलाये जाने के लिए अधिवक्ताओं से सकारात्मक भूमिका निभाए जाने का आहवान किया। प्रारम्भ में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अधिवक्ताओं के मिशन पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

# ढाई साल का पीजी का छात्र बना सांता क्लाज, बांटा उपहार

## हैप्पी टाइम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व

**अखंड भारत संदेश**



बच्चों को उपहार बांटता ढाई साल का पीजी छात्र।

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में शनिवार को क्रिसमस का त्योहार नन्हे-मुन्ने बच्चों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर ढाई साल के पीजी के छात्र अद्विक यादव ने सांटा क्लाज बनकर जब बच्चों को उपहार बांटने उठा तो बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसका स्वागत किया।

सांता क्लाज की भूमिका कक्षा-2 के छात्र आमोद व शाश्वत ने भी अदा की थी जिन्होंने बच्चों को उपहार बांटा। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर समृद्धि, राधिका, अक्षिता, वैष्णवी, कूहू, वीहू, लक्ष्मी, प्रिया ने खुशियों के इस क्रिसमस के त्योहार पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ट्री के साथ सजाया गया था। प्रारंभ में स्कूल के चेयरमैन शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को क्रिसमस पर्व के महत्व के बारे में बताया। शिक्षिका सौम्या ने कहा कि यह खुशियों का त्योहार है। यही कारण है कि आज नन्हे-मुन्ने बच्चे भी विभिन्न परिधानों में आकर खुशियां बांट रहे हैं। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रियांशी, उमेश, राज प्रताप सिंह, सीमा पटेल, सृष्टि, सुलेखा, ममता ने कार्यक्रम को अच्छे ढंग से व्यवस्थित करने में सहयोग किया।

# नगर पालिका ने जब्त किया छह किलो प्लास्टिक, 3500 रुपये का लगाया जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने आज शनिवार को शासन व प्रशासन के निर्देश पर प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाकर छह किलो प्लास्टिक जब्त कर लिया तथा 3500 रुपये का जुमार्ना व्यापारियों से वसूला गया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर चलाये गये प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में मीरा भवन चैराहे से कम्पनी गार्डेन तक दुकानदारों के यहां चेकिंग की गई।

इस बीच एक किराना की दुकान से पांच किलो प्लास्टिक वसूलकर तीन हजार का जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले के सामने एक दुकान पर एक किलो प्लास्टिक जब्त की गई और पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। बताया गया कि जिलाधिकारी के आदेश पर यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान अभियान समिति की बैठक सम्पन्न

### 29 दिसम्बर को नगर में निकालेंगे पूजित अक्षत कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**



श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान अभियान समिति की बैठक में मौजूद अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित सीताराम धाम मंदिर परिसर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति प्रतापगढ़ की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन समिति से जुड़े हुए प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ जिला कार्यवाह हेमंत ने कहा कि आज पूरे विश्व में यह चर्चा का विषय है कि हिंदू समाज पूरी दुनिया को सात्विकता के आधार पर और मर्यादित जीवन जीने के लिए एक दिशा देने का काम करता है।

उन्होंने कहा कि आज हम सब के समक्ष भगवान राम का मंदिर बनकर के तैयार है और वह सुखद समय हम सब के मध्य विराजमान है हम सब अपने सामने भगवान राम को अपने मंदिर में विराजते हुए देख रहे हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद आज हमारे आराध्य देव राष्ट्र पुरुष मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त 22 जनवरी 2024 को निश्चित है। इस दिन हम सभी प्रत्येक गांव में प्रत्येक मंदिर में भजन कीर्तन, पूजा अर्चना आदि आध्यात्मिक कार्य करेंगे तथा 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत, भगवान राम का चित्र एवं पत्रक आमंत्रण स्वरूप प्रत्येक परिवार से संपर्क कर आमंत्रित करना है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए 29 दिसंबर 2023 को अपराह्न 2:00 बजे तुलसी सदन प्रतापगढ़ नगर से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह हरीश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ जिले के जिला प्रचारक शिव प्रसाद, विभाग प्रचार प्रमुख प्रभा शंकर पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री चंदन, शिव शंकर सिंह, अवधेश, राजन, नगर कार्यवाह शिवकुमार, रजनीश, विजय सिंह, सियाराम आदि उपस्थित रहे।

# डम्फर ने मारी डीजल टैंकर को पीछे से टक्कर

## टैंकर डीजल के पिछले हिस्से मे टक्कर लगने से हजारों लीटर डीजल हुआ बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर सलवन मार्ग पं बजहाभीट गांव के सामने शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे डीजल से लदा टैंकर मुरैठी किसान सेवा पेट्रोल पम्प जाते समय डम्फर ने टैंकर के पिछले तेल वाले हिस्से मे टक्कर मारती हुई फरार हो गई जिससे टैंकर के पिछले वाले खाने मे डीजल बाड़ी से लीकेज होने पर बहने लगा जिसकी नजर टैंकर चालक मो अशरफ पर पड़ी तो हक्का बक्का हो गया और गाडी को सड़क किनारे खड़ी करके आस पास के ग्रामीणो से मदद मांगी और अपने पेट्रोल पम्प मालिक अंकित मौर्य को खबर दी।

जानकारी मिलते ही अंकित मौके पर पहुँचे और निकट रेवली मोड पेट्रोल पंम्प मालिक विजय कुमार से सहयोग मांगा जिस पर विजय कुमार पूर्व प्रधान पेट्रोल पम्प मालिक ने अपने पुत्र अमित कुमार (ग्राम प्रधान रेवली) को अवगत कराया जिस पर अमित कुमार अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे और किसी तरह टैंकर के पिछले वाले हिस्से से बह रहे डीजल को ड्रम आदि मंगवाकर उसमे भरवाया उधर ग्रामीणो ने अपने घरो से प्लास्टिक के गैलन व बाल्टी लेकर पहुँचे और उसमे डीजल को भरकर रख लिया टैंकर के पिछले वाले हिस्से मे लगभग 30 हजार ली डीजल भरा हुआ था जिसमे लगभग 10 हजार लीटर बर्बाद हो गया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर पुलिस सुरक्षा के लिए मौके पर पहुंच गई। टैंकर चालक ने अज्ञात डम्फर वाहन चालक के खिलाफ मानिकपुर पुलिस को घटना की तहरीर दिया पुलिस तहरीर मिलने पर डम्फर ट्रक की छान बीन मे जुटी हुई है।

# वैश्विक स्तर पर भारत की बनी अलग पहचानः धीरज ओझा

## सिलौधी गांव में लाभार्थियों को पूर्व विधायक ने बांटा प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते पूर्व विधायक धीरज ओझा।

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रानीगंज के सिलौधी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु आयोजित कैम्प के निरीक्षण पश्चात मुख्य अतिथि रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जहां वैश्विक स्तर पर भारत के सशक्त होने से देश की अलग पहचान बनी है। वहीं देश में अंतिम पायदान पर खड़े लोगो को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से देश की सामाजिक आर्थिक उन्नति हुई है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों एवं अन्य लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचण्ड विजय के साथ केंद्र में एकबार पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने की अपील की। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष गौरा बृजेश पटेल, मण्डल संयोजक लालचंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान डब्लू पाण्डेय, डॉ बलराम बिंद, संदीप तिवारी, अंगद मौर्या इत्यादि उपस्थित रहे।

# न्यू एंजिल्स स्कूल में उल्लास के साथ मना क्रिसमस पर्व

### सेंटा क्लाज बनकर बच्चों को बांटा गया उपहार

**अखंड भारत संदेश**



न्यू एंजिल्स स्कूल में सेंटा क्लाज की वेशभूषा में जश्न मनाते बच्चे

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्राइमरी विंग के बच्चों और टीचर्स द्वारा क्रिसमस डे मनाया गया। अध्यापिका ज्योति गुप्ता ने सेंटा क्लाज बनकर सभी को क्रिसमस डे की बधाई दी और टाफी बाँटी।

उन्होंने बच्चों को बताया कि 25 दिसम्बर को हम सब क्राइस्ट का जन्म दिवस मनाते हैं क्योंकि इसी दिन उनका जन्म हुआ था। इस अवसर पर बच्चों ने क्रिसमस ट्री भी सजाया। कुछ बच्चे नन्हे मुन्ने सेंटा बने और वैदिक कक्षा 5, रिपांशु, मान्या कक्षा 5, ओम गुप्ता कक्षा 4, श्रेय गुप्ता कक्षा 3, तंस्कार कक्षा 1 और के जी के अर्पित, सात्विक, आयत, उत्कर्ष, श्रद्धा सबने मिलकर धमाल मचाया। जिंगल बेल जिंगल बेल जिंगल आल द वे पर चेन बनाकर डान्स किया। अन्त में प्रबन्धिका डॉ शाहिदा ने सभी बच्चों और उनके टीचर्स को 25 दिसम्बर को मनाये जाने वाले क्रिसमस की हार्दिक बधाई दी। इसर पर श्रीमती वीना मिश्रा, सीमा श्रीवास्तव, संगीता यादव, यासमीन, कु नेहा श्रीवास्तव, कुमारी ज्योति और रायला आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ कंबल वितरण

### स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के दलापुर स्थित पारसनाथ शिक्षण व प्रशिक्षण महाविद्यालय में महाविद्यालय के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वर्गीय पारसनाथ यादव की प्रथम पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं दवा का वितरण करते हुए हजारों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों उपस्थित रहे।

पट्टी तहसील क्षेत्र के दलापुर में स्थित पारसनाथ शिक्षण व प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष तथा संस्थापक स्वर्गीय पारसनाथ यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर वीरेंद्र यादव ने उनकी स्मृति में इस कार्यक्रम को आयोजित किया। सुबह 8 बजे से ही निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं दवा वितरण में आए मरीजों की भीड़ इकट्ठा होने लगी, जहां पर मरीजों में अपना निशुल्क जांच तथा निशुल्क दवा वितरण की सुविधा मिली। वहीं दोपहर से मजदूर, जरूरतमंदों, विकलांग और असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षण संस्थान के प्रबंधक डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा कि बड़े भाई श्री पारसनाथ यादव जी की समाजसेवी भावना, शिक्षा के प्रति उनका समर्पण लोगों की मदद की भावना से हमें आज भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्राचार्य डॉक्टर डीके सर, मनोज कुमार तिवारी, उप्रधानाचार्य रंजीत कुमार यादव, सहायक अध्यापक पृथ्वीपाल यादव, विकास अग्रहरि, अजय ,अजीत, ओंकार नाथ यादव, सुभाष यादव ,सोमनाथ यादव, राजनाथ यादव, महेंद्र यादव, कैलाश यादव सहित हजारों लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सी एल पाल ने किया।

### मरीजों को मिली सहूलियत तो चेहरे पर बिखरी मुस्कान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को पारसनाथ शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय दलापुर में पारसनाथ यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर डॉक्टरों की टीम ने लोगों का निशुल्क जांच और इलाज शुरू किया तो हजारों लोग इकट्ठा हो गए। जनरल सर्जन डॉक्टर विनोद यादव स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर खुशबू यादव गोल्ड मेडलिस्ट हार्ट डायबिटीज किडनी न्यूरो थायराइड तथा स्वास्थ्य रोग विशेषज्ञ ऋषभ यादव व संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल दिल्ली के डॉक्टर विकास यादव ने मरीजो का परीक्षण करके उन्हें दवा वितरित किया वहीं मरीजों तथा जरूरतमंदों के चेहरे पर दवा पाकर मुस्कान बिखर आई।

# जे एम जी कालाकांकर के बच्चो ने लगाई प्रदर्शनी

### मुख्य अतिथि सीनियर साइंटिस्ट कालाकांकर डा स्वाती दुबे रही

**अखंड भारत संदेश**



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत जे एम जी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में शनिवार को एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक केंद्र कालाकांकर के सीनियर साइंटिस्ट डॉ स्वाती दुबे ने किया।

प्रदर्शनी को दो भागों में विभक्त किया गया जिसमे पहले भाग में प्राइमरी काक्षाओ ने जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन को आकर्षक एवं सजीव ढंग से सेलिब्रेट किया जिसका दिशा निर्देश मदर टच की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने किया जूनियर एवं सीनियर विंग का दिशा निर्देशन प्रिंसिपल मुनीश शर्मा ने किया। इस प्रदर्शनी में श्री बृजेश तिवारी एवं शिवम मिश्रा द्वारा नौ मॉडल्स तैयार किए गए थे जिसमे सोलर ऊर्जा, ऑर्गेनिक फार्मिंग, वॉटर हार्वेस्टिंग, चंद्रयान तृतीय, एसिड रेन, सोलर डाटा ट्रांसफर मॉडल का प्रदर्शन किया गया। हिंदी वर्ग में श्रीमती अंकिता शुक्ला के दिशा निर्देशन में बच्चों ने शुद्ध हिंदी वर्तनी, प्रयोगात्मक एवं रचनात्मक हिंदी से जुड़े हुए विभिन्न लेखकों एवं कवियों से संबंधित रचनाओं का प्रदर्शन किया पी टी आई संजू सिंह ने विभिन्न प्रकार के योगासनों का प्रदर्शन कराकर बच्चों के प्रतिभा का परिचय कराया। आधुनिक कला का सजीव चित्रण अभिनीत द्विवेदी के दिशा निर्देशन में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को सजीव एवं आकर्षक ढंग से पोस्टर एवं चार्ट पेपर के द्वारा चित्रित करके दर्शकों का मन मोह लिया।

मंजू डे के दिशा निर्देशन में बच्चों ने जी एस टी के विभिन्न आयामों को प्रभावी ढंग मॉडल्स एवं फ्लो चाट्र्स के द्वारा अत्यंत सहज एवं सरल तरीके से समझाने को सफल प्रयास किया। अंग्रेजी वर्ग में प्रदर्शनी को दो वर्गों में विभक्त किया गया था पहला फंक्शनल एवं स्ट्रक्चरल ग्रामर जिसका दिशा निर्देशन आयुष मिश्रा के द्वारा किया गया। जिसमे आधुनिक विधियों द्वारा अंग्रेजी भाषा के शिक्षण को सहज एवं सरल बनाने के लिए व्याकरण से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। द्वितीय वर्ग में कुलदीप श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं की सहज अनुभूति विभिन्न पोस्ट्स, चाट्र्स, फोटोग्राफ्स के द्वारा किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं साहित्यिक अभिरुचि का सफल प्रदर्शन किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रेसिडेंट वी0 एन0 शुक्ल एवं सीनियर ट्रस्टी श्यामा शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया। सीनियर वर्ग में अंकित शुक्ला, कुलदीप श्रीवास्तव, हेमंत सिंह , गोविंद माधव शरण, प्रतिष्ठा शुक्ल, अमित राज मिश्र, राजेश तिवारी, राजेश कटियार, आशुतोष राय, प्रदीप पांडेय, वीरेंद्र शुक्ला, साहिल कटियार तथा प्राइमरी विंग मे आंचल सेठी, रंजना केसरवानी, तरन्नुम, सोनू यादव, करिश्मा गुप्ता, अंशु तिवारी स्वेता सिंह उपस्थित रहे।

# सपाईयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

**अखंड भारत संदेश**



चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने शनिवार को पार्टी कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह का 121वें जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया गया।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष पांडे व संचालन अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने बताया कि हमारे देश के किसानों के बेटे कहे जाने वाले राजनेता थे चैधरी चरण सिंह जी जिन्होंने किसानों के हित के बहुत से कार्य किया परंतु इस समय की सरकार किसान विरोधी सरकार है प्रदेश विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गुलफाम खान ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है कोरोना कल में किस तरह से ठंड में किसानों ने आंदोलन किया और तीन विरोधी काला कानून को वापस कर दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, हरीश शुक्ला, लालू बाली, रमेश पाठक, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष पाल, अनिल यादव, शफात खान, अब्दुल हाई, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल, कमलेश मधुकर, अनुज सोनकर, राम आश्रय सरोज, विकास यादव ,समीर समानी,प्रदीप यादव मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित आदि मौजूद रहे।

# मजदूरों से भारी ऑटो ट्रक से टकराई दो की मौत 9 लहूलुहान







**हादसे की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में मचा कोहराम**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मजदूरों को लेकर प्रयागराज जा रही एक ऑटो सामने से आ रहे तेजगति ट्रक से टकरा गया है टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए हैं और सड़क के किनारे ऑटो पलट गई है मौके पर कोहराम मच गया हादसे में ऑटो में सवार 11 लोग घायल हो गए हैं आनन फानन में गंभीर घायलों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल और अन्य घायलों को जिला अस्पताल कौशांबी भेजा गया है अस्पताल ले जाते वक्त एक व्यक्ति की मौत हो गई है और अस्पताल में फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई है अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है सूचना पाकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया है मामले की जानकारी जैसे ही हादसे के शिकार मजदूर के परिवार के लोगों को मिली रोते बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं दोनों मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है देर शाम पोस्टमार्टम हाउस से मृतक का शव गांव पहुंच गया है शव देखते ही गांव में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बट बंधुरी गांव का एक ऑटो शनिवार की सुबह 6:00 बजे 11 मजदूरों को लेकर प्रयागराज की तरफ जा रहा था मजदूरों से भारी ऑटो जैसे ही पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अंतर्गत मनौरी तिल्हापुर मोड़ रोड पर चलौली पेट्रोल पंप के नजदीक पहुँची घने कोहरे के चलते सामने से आ रही तेजगति ट्रक को ऑटो चालक नहीं देख सका और ट्रक से ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर होते ही मौके कोहराम मच गया ऑटो सड़क किनारे पलट गई ऑटो के परखच्चे उड़ गए आटो में 11 लोग सवार थे। कोहराम की आवाज सुन कर आस पास के लोग मौके पर पहुंचें और तत्काल 108 एम्बुलेंस एवं पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आनन फानन में सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस पर शिफ्ट कर अस्पताल भिजवाया गया। घायलों में सेंडल अरविंद मोहित नर्मदा, विनय, संतलाल, दिनेश, सतेली निवासी गाँव बंधुरी, रसूलीपुर की स्थिति को ज्यादा गंभीर देखते हुए सीधे स्वरुप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज भेजा गया। जहाँ डॉक्टरों ने मोहित उम्र 20 वर्ष पुत्र गुल्ली और अरविंद उम्र 25 वर्ष पुत्र नन्हा को मृत घोषित कर दिया हादसे में घायल 5 लोगों को एसआरएन प्रयागराज में भर्ती करवा दिया गया है। जहां दो की हालत गंभीर बताई जाती है बाकी 4 अन्य घायल लोगों को 108 एम्बुलेंस द्वारा ही मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## चार सवारी के परमिट पर जा रहे थे 11 लोग दोषी कौन!

**कौशाम्बी।** एआरटीओ कौशांबी यातायात पुलिस और थाना पुलिस के लापरवाही और वाहन चालकों से साठगांठ के चलते वाहनों में ओवरलोड सवारियां बैठाई जाती हैं जो हादसे का कारण बनते हैं जिस ऑटो से पिपरी थाना क्षेत्र में शनिवार को हादसा हुआ है दो मजदूरों की मौत हुई और 9 मजदूर गंभीर घायल है इस ऑटो को चार सवारी परिवहन करने का परमिट दिया गया है लेकिन उसके बाद 11 सवारी को लेकर जाने वाले ऑटो पर पुलिस विभाग यातायात पुलिस और एआरटीओ विभाग कार्यवाही नहीं कर सका यदि इन विभाग के अधिकारियों ने अधिक सवारी भरने के मामले में वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर दी होती तो दो बेकसूर मजदूरों की दर्दनाक मौत ना होती इतना ही नहीं हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल नहीं होते बड़ा सवाल उठता है कि ओवरलोड वाहन संचालन के बाद क्या थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ की क्या जवाब देही है क्या ओवरलोड वाहन पर अधिकारी अंकुश लगाएंगे या इसी तरह अधिकारियों की लापरवाही से हादसे होते रहेंगे और बेकसूर निर्दोष मौत के मुंह में जाते रहेंगे यह यातायात व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है बेखौफ तरीके से ओवरलोड वाहनों के संचालन में लापरवाही बरतने के बाद खबर लिखे जाने तक दोषी यातायात प्रभारी थाना पुलिस और एआरटीओ पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है हादसे के शिकार लोगों के परिवार के लोगों ने ओवरलोड वाहन संचालन मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : इमरान रिजवी



**कौशांबी।** किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 121 वी जयंती किसान दिवस के रूप में शनिवार को पार्टी कार्यालय करारी में बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने चौधरी साहब को सर्वप्रथम फूलमाला चढ़कर उन्हें सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री शासन काल में किसानों के हित में अनेकों कार्य किया आज जो भी किसान लाभ पा रहा है वह सब चौधरी चरण सिंह की देन है, उन्होंने कहा कि आज भी देश का किसान उन्हें नाम आंखों से याद कर रहा है उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पूरे जिले में साप्ताहिक कार्यक्रम चलेगा जिसमें गोष्टी बैठक किसानों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा उनकी समस्याओं को भी सुना जाएगा तथा पार्टी की नीति रीति एवं पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्य को भी जनता तक बताया जाएगा, कार्यक्रम के दौरान पार्टी जिला अध्यक्ष नजमुल हसन ने भी किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य को विस्तार से बताया तथा कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ होते हैं इसलिए कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को बढ़ाने का कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर पार्टी का सदस्य बनाएं उन्होंने कहा कि एक सप्ताह का कार्यक्रम चलेगा उक्त कार्यक्रम का नाम रहेगा चलो गांव की ओर अभियान के तहत लोगों की समस्या सुना और उनकी आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाना निर्धारित किया गया है, कार्यक्रम के दौरान पार्टी जिला अध्यक्ष नजमुल हसन जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, सिद्ध लाल पासी, वासुदेव यादव, समीम खान, राजेश सिंह, मोहम्मद असलम भीटी मेहगांव, भीम सरोज, फहीम खान, मोहम्मद चमन, बच्चा लाल पासी किसान यूनियन, जलाल कोरी, काशी प्रसाद कुशवाहा, मकसूद अहमद असाडा, राम प्रकाश गौतम, सूरजभान, अब्दुल कवी वरिष्ठ कार्यकर्ता, अब्दुल अली समाजसेवी, अख्तर अली, आदि लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को सच्चे हृदय से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिले में धान खरीद घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन करोड़ों रुपए घोटाले का लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** जिले में फर्जी तरीके से महज कागजों में धान की खरीद को लेकर शनिवार को अखंड भारत संघर्ष मोर्चा के बैनर तले लोगों ने जिला मुख्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व सांसद कपिल मुनकरवरिया का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके नाम से धान बिक्री हुई है। जबकि वह जेल में निरूद्ध हैं यह महज एक बानगी है। इस तरह के हजारों लोगों के फर्जी नाम और आधार को लगाकर धान खरीद की गई है। कार्यक्रम की अगवाई वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीद के नाम पर हजारो करोड़ का घोटाला किया गया है। पिछले तीन वर्षों से इस बाबत लगातार शिकायत के बाद भी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते इस पर नकेल नहीं लग सकी है। चालू वित्तीय वर्ष में पूर्व सांसद रहे कपिल मुनकरवरिया के नाम से धान की खरीद की गई है और अंगूठा लगाकर उनके नाम का पैसा निकाला गया है जबकि वह जेल में निरूद्ध है। ऐसे हजारों लाखों किसान जिनके नाम से फर्जी तरीके से खरीद की गई है जब वास्तविकता यह है कि उनकी खरीद महज कागजों पर कर ली गई है घोटाले को अंजाम दिया गया है। विभाग के लिए राशन माफिया सीधे बाजार से चावल खरीद कर विभाग को दे रहे हैं और धान कुटाई धुलाई हुआ ट्रांसपोर्टिंग के पैसे को गबन किया जा रहा है। इस मौके पर एडीएम प्रशासन ने शिकायती पत्र को लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रकाश दुबे, चंद्र किशोर, सर्वेश पटेल, पंकज, हर्षित कुमार, गिरीश मिश्रा साहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



**खतौनी किसी किसान की भुगतान किसी किसान के खाते में उजागर होने के बाद खुली धान खरीद में घोटाले की पोल**

**अखंड भारत संघर्ष मोर्चा के लोगों ने किया जिला मुख्यालय का घेराव, एडीएम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

## न्यूज झरोखा

### डीएम एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियाद



**कोखराज कौशांबी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव कोखराज थाना पहुंचे और थाना समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश अधीनस्थों को दिया है थाना समाधान दिवस के अवसर पर नायब तहसीलदार संजय सिंह, कानून गो,सुरेन्द्र कुमार सिंह,लेखपाल लोकनाथ पांडेय,नरेंद्र सिंह, पवन राय ,मान सिंह,उमेश केशरवानी, साधना सिंह,नित्यपाल, अनुराधा वर्मा सहित इलाके के तमाम लोग मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस पर संदीपन घाट थाना में पसरा रहा सन्नाटा



**महगाव कौशाम्बी।** शीतलहर कड़ाके की ठंड और कोहरा के चलते थाना समाधान दिवस में संदीपन घाट थाना में फरियादियों की संख्या कम पहुंची है राजस्व विभाग और पुलिस विभाग थाना समाधान दिवस में फरियाद सुनने के लिए बैठे रहे लेकिन सुबह से केवल तीन फरियादी ही पहुँचे थे। फरियादियों की फरियाद सुनने के लिए नायब तहसीलदार अंकिता सिंह और क्षेत्रिय लेखापाल कानून गो मौजूद रहें। जब कोई फरियादी नही पहुंचे तो 1 बजे समाधान दिवस समाप्त कर दिया गया। जो तीन तहरीर प्राप्त हुई राजस्व से सम्बन्धित थी जिनकी जांच के आदेश दे दिए गए है।

### कायस्थ पाठशाला के चुनाव में डॉक्टर सुशील कुमार सिंह को मिल रहा है कौशांबी से अपार समर्थन




**कौशाम्बी।** कायस्थ पाठशाला के पी ट्रस्ट प्रयागराज का चुनाव आगामी दिनों में होना है प्रबल प्रत्याशी मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं केपी ट्रस्ट का यह चुनाव बड़ा रोचक होता है अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा कौशांबी जनपद के भरवारी मंझनपुर सिराथू करारी सहित पूरे जिले क्षेत्र में लगातार कई दिनों से भ्रमणकर मतदाताओं से समर्थन हासिल कर रहे हैं जनसंपर्क के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा ने अपने दिल की बात मतदाताओं के बीच रखी है कैसे केपी ट्रस्ट का विकास होगा कैसे कमजोर कायस्थ परिवारों की मदद की जाएगी कैसे कायस्थ विधवाओं की मदद शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांग कायस- बच्चों की मदद सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में उन्होंने मतदाताओं के बीच चर्चा कर उन्हें अपने ओर रिझाने का भरसक प्रयास किया है केपी ट्रस्ट के इस चुनाव में कौशांबी के मतदाताओं का झुकाव डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा की ओर तेजी से देखा जा रहा है।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 22. 23 व 24 जनवरी तथा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2024 को

**कौशाम्बी** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में दिनाक 22. 23 एवं 24 जनवरी 2024 को एन०आई० एक्ट धारा-138 तथा दिनांक 29, 30 एवं 31 जनवरी 2024 को विद्युत अधिनियम-2003 के अन्तर्गत लम्बित वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए समस्त जनमानस से अपील की है कि 22. 23. 24 जनवरी, 2024 को एन०आई० एक्ट धारा 138 तथा दिनांक 29, 30, 31 जनवरी, 2024 को विद्युत अधिनियम-2003 के अन्तर्गत लम्बित वादों को सम्बन्धित न्यायालय में नियत कराकर निस्तारण में सहभागी बनकर आगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में आयोजित हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी




**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 23 दिसंबर 2023 को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें छात्र एवं छात्राओं के अभिभावकों ने अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम को देखने के लिए बड़ी संख्या में केपीएस प्रांगण में एकत्रित हुए साथ ही साथ छात्रों की संख्या भी बहुतायत में थी संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा में पुष्प अर्पित करके शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी प्रारंभ किया बच्चों के अंदर गजब उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा था साथ ही साथ बच्चों के परीक्षा परिणाम को देखकर के अभिभावकों के चेहरे भी खिले हुए थे अभिभावक बच्चों के परिणाम को देखकर के काफी खुश दिखे अभिभावकों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा में किसी भी प्रकार की लापरवाही समाज के लिए घातक हो सकती है श्री गुप्ता ने कहा कि स्कूल चार स्तंभ से विभूषित होता है पहले स्तंभ मैनेजमेंट,दूसरा स्तंभ शिक्षक ,तीसरा स्तंभ अभिभावक एवं चौथा स्तंभ विद्यार्थी होता है. शिक्षा प्राप्त करना हर विद्यार्थी का अधिकार होता है किसी को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता मैं प्रयास करूंगा कि कोई भी विद्यार्थी हमारे समाज का शिक्षा से वंचित न रह जाए। संस्थान की प्रिंसिपल श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि शिक्षा समाज की मुख्य कड़ी होती है और इसमें अभिभावक और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इस मौके पर संस्थान के कोऑर्डिनेटर श्री नारायण तिवारी एग्जामिनेशन इंचार्ज दीपक खरवार मधुबन पटेल किडजी प्रिंसिपल नेहा गुप्ता संस्कृति त्रिपाठी सौरभ सिंह शशांक श्रीवास्तव वीर प्रताप सिंह विकास पांडे विकास मनी अशरफ अली आदि समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भाई की मौत बहन गंभीर घायल

**कोखराज कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जुवरा के पास बाइक सवार भाई बहन को अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दिया है जिससे भाई की मौके पर मौत हो गई और बहन गंभीर घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल बालिका को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है मामले की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं हादसे के शिकार भाई बहन कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव निवासी सोनू उम्र लगभग 23 वर्ष दिनांक 23 दिसम्बर की सुबह लगभग 6:00 बजे बाइक से अपनी बहन मोनिका को बैठाकर मानपुर गौरा कोतवाली मंझनपुर से अपने घर ककोढा वापस जा रहा था जैसे ही सोनू मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जुवरा चौराहे के पास पहुंचा सामने से अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक अपनी दिशा को छोड़कर दूसरी दिशा में आकर बाइक में टक्कर मार दिया है टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बाइक सवार भाई-बहन सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे हादसे मे सोनू की मौके पर मौत हो गई है और बाइक में बैठी मेरी मोनिका को गंभीर चोटें आई है घायल मोनिका को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## किसान को पीटकर मौत के घाट उतारने वाले हत्या अभियुक्तों को मिली आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कान्विक्शन के तहत महेवाघाट थाना में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 115/20 धारा 302/323 भादवि की त्वरित विवेचना एवं प्रभारी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक 22.12.2023 को न्यायालय द्वारा हत्या के 04 अभियुक्तों कल्लू पासी पुत्र छोटा पासी, दुर्गा पासी पुत्र कल्लू पासी, प्रकाश चन्द्र उर्फ डब्बू पासी पुत्र कल्लू पासी व गोरे लाल पासी पुत्र कल्लू पासी नि०गण उमरावां थाना महेवाघाट को आजीवन कारावास तथा 10,000-10,000 /- रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। बताते चलें कि तीन वर्ष पूर्व फसल चराने का विरोध करने पर किसान बाली यादव को उपरोक्त लोगों के द्वारा लाठी - डंडों से पीट - पीटकर मौत के घाट उतारा गया था। बीच - बचाव करने पहुंचे किसान के बेटे पावन पर भी उपरोक्त हत्या अभियुक्तों ने हमला बोल दिया हालांकि किसान बलि यादव का पुत्र पवन किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला और महेवाघाट थाना पहुंचकर तहरीर दिया जिस पर महेवाघाट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## देवस्थान भैरोंबाबा मंदिर की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**टेढ़ीमोड़ /कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के हसनपुर पूरब गांव में देव स्थान भैरों बाबा मंदिर के स्थान गांव के ही कुछ दबंग कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीण में आक्रोश पनप रहा हैं। गांव के कमलेश, विश्राम, राकेश, लवकुश आदि ने बताया की इस देवस्थान गांव के सभी लोग पूजा अर्चना करते हैं लेकिन गांव के ही राम विशाल पुत्र राम लौटन अवैध रूप से कब्जा करते हुए निर्माण कार्य करा रहा है। जिससे गांव के लोगों को पूजा अर्चना करने में समस्या उत्पन्न होगी। इसी मामले को लेकर शुक्रवार की ग्रामीणों ने एस डी एम सिराथू को ज्ञापन देकर मंदिर की जमीन पर अवैध अतिक्रमण रुकवाते हुए मंदिर परिसर को खाली रहने का अनुनय विनय किया है।

## दम्पत्ति सहित बेटी पर लाठियां से हमला

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव की कुसमा देवी पत्नी रामचंद्र अपने पुष्तैनी जमीन पर मकान बना रही थी इसी बीच उसके जेठ रामलाल अपनी पत्नी निर्मला और बेटे कल्लू लेहन्दा के साथ लाठी डंडा लेकर निर्माण स्थल पर पहुंचे कुसमा देवी को जमीन का निर्माण करने से रोका जब कुसमा देवी ने निर्माण से रोकने से मना किया तो रामलाल उसके बेटे और पत्नी ने कुसमा देवी पर लाठी से हमला बोल दिया बीच बचाव करनी पहुंची उसकी बेटी पूजा पर लाठियों से हमला किया गया हो हल्ला सुनकर कुशमा का पति रामचंद्र भी मौके पर पहुँचा हमलावरों ने रामचंद्र को भी लाठी से पीट कर लहूलुहान कर दिया है। पीड़ित कुशमा देवी ने थाना समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष पिपरी से करते हुए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### महिला को बेरहमी से पीटा :

**महगाव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गौस गांव की मैना देवी पत्नी लल्लू पाल अपने घर के सामने खाली जमीन पर गोबर कंडा रखती है इस जमीन पर वह उपली पाथती है इस बात का विरोध गांव के जग्गलपाल और उनका बेटा सतीश कर रहा है लेकिन महिला खाली जमीन पर गोबर कंडा का काम कर रही है इसी बात से भन्नाए जग्गलपाल और उसका बेटा सतीश ने 22 दिसंबर को मैना देवी को गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पीटा है जिससे मैना देवी को चोटे आई हैं मामले की शिकायत महिला ने संदीपन घाट थाना पुलिस से की है।

# किसान दिवस पर किसानों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने उदयन सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ह्लकिसान सम्मान दिवसह्लकार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ तथा स्व0 चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा रबी सत्र-2022-23 एवं खरीफ-2023 के लिए जनपद स्तर पर प्रति हेक्टयेर सर्वाधिक उत्पादन करने पर वाले किसान-श्री नूर मोहम्मद, मो0 असलम, मो0 हारून छेद्दू, दीवान सिह, शमीम अहमद, अंकित पाल, राजेन्द्र, ऊधौ सिंह एवं महेन्द्र सिंह को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उद्यान विभाग के अन्तर्गत सर्वाधिक उत्पादन करने वाले किसान संतोष कुमार सुशान्त सिंह वकार मोहसिन दयाराम मौर्य, अशद काशिम, छितानी लाल, प्रेम बाबू, महराजदीन, गया प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, कुलदीप कुमार एवं बचऊ लाल तथा अधिक मत्स्य उत्पादन करने वाले मत्स्य पालकों सागर चौधरी रवी कुमार नत्थू लाल एवं प्रेम प्रकाश को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह एवं फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा को कृषि तकनीक के प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया सीडीओ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित रहा है, वे किसानों के मसीहा थे। स्व. चौधरी चरण सिंह छोटी सी जगह से अपना कैरियर शुरू कर देश के प्रधानमंत्री बनें। भारत कृषि प्रधान देश है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक मोटे अनाज का उत्पादन करने एवं बढ़ावा देने का आवाह्न किया, मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। उन्होंने किसानो से कहा कि रासायनिक खादां का प्रयोग कम करें। उन्हांने कहा कि प्रयास रहता है कि किसानो को समय से बीज, सिंचाई के लिए पानी एवं उर्वरक मिल जाय। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से भी किसानों को शीघ्र लाभान्वित करने का प्रयास निरन्तर किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानां के हित में किये गये कार्यों के दृष्टिगत वर्ष-2001 में सरकार ने चौधरी चरण सिंह की जन्म जयन्ती 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। देश तभी विकसित होगा,जब समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास हो, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने किसानो से कहा कि संतुलित उर्वकर प्रयोग करके मिट्टी का स्वास्थ्य बढ़ाने के लिए सत्त प्रयास कर पोषक तत्व से परिपूर्ण अनाज और फल सब्जी का उत्पादन करें। डॉ0 नवीन कुमार शर्मा ने फसल सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आलू,सरसों,गेहूँ की फसलों के लिए संतुलित कृषि रासायनो का प्रयोग करें एवं जैविक खेती के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम, जिला उद्यान अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा एवं मत्स्य निरीक्षक सुनील सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसान उपस्थित रहे।




**सीडीओ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किसान सम्मान दिवस का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ**

## भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत का आगमन

**सैयद सरावां कौशाम्बी** चायल तहसील के पहाडपुर सुधवर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होकर कथा का आशीर्वाद प्राप्त कर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम अभिलाष चंदू तिवारी अध्यक्षता में 24 दिसम्बर को आकर गाँव और भारतीय किसान यूनियन के सभी कार्यकर्ता 2 बजे आने की सम्भावित है पहाडपुर सुधवर ग्राम अध्यक्ष सत्यदेव पाण्डेय,तहसील अध्यक्ष मुहम्मद साहिद ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ सिंह और भारतीय किसान यूनियन के सदस्य श्रवण कुमार पांडेय, रोहित कुमार, रौनक त्रिपाठी,संगम,नीतीश कुमार, उत्तर गुप्ता,जीत लाला ,शंभू लाला,राजकुमार तिवारी,अनिल केसरवानी महेंद्र सिंह पटेल और सभी ग्रामवासी मिल कर स्वागत कर राकेश सिंह टिकैत का स्वागत करेगे।

संपादकीय

# बुजुर्गों और नई पीढ़ी के मध्य संवाद हीनता, गहराता संकट

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है। महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है। करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें। इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी। भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है। सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए,हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य में भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डराने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है। अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है

दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है । वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय,मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी।

24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निमार्ता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया ।यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी ।

लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐंट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा।

# राजनीतिक दल अपने संवादों, भाषणों में विकलांगजनों के साथ सम्मानजनक तरीके से पेश आए - चुनाव आयोग का दिशानिर्देश

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक चर्चा में दिव्यांगों दिव्यांग समुदाय के प्रति समावेशी और सम्मान के भाव को प्रोत्साहित करने के लिए आजादी के बाद पहली बार राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों के लिए दिशा निदेर्शों का एक सेट दिनांक 21 दिसंबर 2023 को जारी किया है। यह कदम आयोग ने पहली बार उठाया है और कहा है कि राजनीतिक विमर्श/अभियान में दिव्यांगजनों को न्याय और सम्मान देना होगा, इसके साथ परामर्श भी जारी किए हैं कि हर राजनीतिक दल को अपने अनेक सेवाकार्यों निर्णय, नीतियों में दिव्यांगजनों को सहभागी बनाएं ताकि उनके जीवन में उत्साह सकारात्मक जीवन जीने का आभास नजर आए। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान, भाषण के दौरान, अपने लेखन, लेख आउटरेज सामग्री, टीवी डिबेट में या राजनीतिक अभियान में दिव्यांग जनों या दिव्यांगों पर गलत अपमानजनक, अपमानजनक संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए। हाल ही में, आयोग को राजनीतिक विमर्श में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के बारे में अपमानजनक या आक्रामक भाषा के उपयोग के बारे में अवगत कराया गया है। किसी भी राजनीतिक दल के सदस्यों या उनके उम्मीदवारों द्वारा भाषण/प्रचार-अभियान में इस तरह की भाषा का उपयोग दिव्यांगजनों के अपमान के रूप में समझा जा सकता है। समर्थवादी या एबलिस्ट भाषा के सामान्य उदाहरण - गूंगा, पागल, सिरफिरा अंधा, काना, बहरा, लंगड़ा, लूला, अपाहिज आदि शब्द हैं। ऐसी अपमानजनक भाषा के उपयोग से बचना अत्यंत आवश्यक है। राजनीतिक विमर्श/अभियान में दिव्यांगजनों को आदर और सम्मान दिया जाना चाहिए।चूंकि सभी समुदायोंके चुनावी प्रक्रियामें प्रतिनिधित्व में ही सही महीना में लोकतंत्र की बुनियाद निहित है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे राजनीतिक दल अपने सवांदों भाषणों में दिव्यांगजनों के साथ सम्मानजनक तरीके से पेश आए, ऐसा चुनाव आयोग का फरमान आया।



साथियों बात अगर हम दिनांक 21 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग द्वारा जारी राजनीतिक दलों के लिए दिशा निदेर्शों की करें तो, दिशानिदेर्शों की मुख्य विशेषताएं ये हैं (1) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान/भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेख/आउटरीच सामग्री या राजनीतिक अभियान में निःशक्तिता/दिव्यांगजनों पर गलत/अपमानजनक/निरादरयुक्त संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए। (2) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेखों याराजनीतिक अभियान में मानवीय अक्षमता के संदर्भ में निःशक्तंता/दिव्यांगजनों का या निःशक्तेता/दिव्यांगजनों को निरूपित करने वाले शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए।(3)राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को निःशक्तपता/ दिव्यांगजनों से संबंधित ऐसी टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए जो आक्रामक हो सकती हैं या रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को कायम रख सकती हैं(4)ऐसी भाषा, शब्दावली, संदर्भ, उपहास, अपमानजनक संदर्भ के उपयोग या दिव्यांगजनों का अपमान जैसा कि बिंदु ( ), ( ) और ( ) में उल्लिखित है, पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 92 के प्रावधान लागू हो सकते हैं।(5)भाषणों, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापनों और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी प्रचार अभियान सामग्रियों की राजनीतिक दल के भीतर आंतरिक समीक्षा अवश्य की जानी चाहिए ताकि लोगों/ दिव्यांगजनों के प्रति सक्षमवादी भाषा, चाहे वह आक्रामक या भेदभावपूर्ण, सक्षमवादी भाषा के दृष्टांतों की पहचान और दोष सुधार की जा सके।(6) सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और अपनी वेबसाइट पर घोषित करें कि वे निःशक्त ता एवं जेंडर की दृष्टि से संवेदनशील भाषा और शिष्ट भाषा का उपयोग करेंगे और साथ ही अंतर्निहित मानवीय समानता, समता, गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान करेंगे।(7) सभी राजनीतिक दल सीआरपीडी (दिव्यांगजनों के अधिकारों पर कन्वेंशन) में उल्लिखित अधिकार-आधारित शब्दावली का उपयोग करेंगे और किसी भी प्रकार की अन्य शब्दावली के उपयोग से बचेंगे।(8) सभी राजनीतिक दल अपने स ा ा व ॅ ज ि न ा क भाषणों/अभियानों/कार्यकलापों/कार्यक्रमों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाएंगे। (9) सभी राजनीतिक दल अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया विषय-वस्तु को डिजिटल रूप से अभिगम्य बनाएंगे, ताकि दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक इंटरएक्शन कर सकें।(10) सभी राजनीतिक दल राजनीतिक प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पार्टी कार्यकताओं के लिए दिव्यांगता पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान कर सकते हैं और सक्षम भाषा के उपयोग से संबंधित दिव्यांगजनों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करेंगे।

(11) राजनीतिक दल पार्टी और जनता के व्यवहार संबंधी अवरोध को दूर करने और समान अवसर प्रदान करने के लिए सदस्यों और पार्टी कार्यकताओं जैसे स्तरों पर अधिक दिव्यांगजनों को शामिल करने का प्रयास कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग के दिव्यांगजनों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य की करें तो, निर्वाचन आयोग ने, सिविल सोसाइटी जैसे अन्य हितधारकों के साथ मिलकर सुगम और समावेशी चुनावों के अपने समग्र उद्देश्य को हासिल करने के लिए दिव्यांगजनों को भागीदारी करने के लिए प्रेरित करने और उन्हें सुविधा प्रदान करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। यह उद्देश्य पूरी तरह से तभी साकार होगा, जब राजनीतिक दल और उम्मीदवार भी इस नेक काम में शामिल होंगे और सभी दिव्यांगजनों के साथ सम्माजनक तथा गरिमापूर्ण व्यवहार करेंगे। यह हमारा संयुक्त कर्तव्य और प्रयास होना चाहिए कि हम सभी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें और एक ऐसा समाज बनाएं जो निःशक्तता के आधार पर भेदभाव न करे। यद्यपि मतदाताओं को मतदान केंद्र पर आने और उन्हें सुरक्षित, सुविधाजनक तथा सुखद मतदान का अनुभव कराने की कोशिश की है, फिर भी आयोग ने घर पर मत देने की सुविधा भी प्रदान की है। 40 प्रतिशत की बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाता इस वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हाल के चुनावों में, इस सुविधा की लोकप्रियता काफी बढ़ी है और समुदाय में इसे सराहा गया है।दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 7 सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, हिंसा और शोषण से सुरक्षा प्रदान करती है। इसके अलावा, उपर्युक्त अधिनियम की धारा 92 में ऐसे अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दिव्यांगजन अपने वोट डाल सके, इसके लिए विगत वर्षों में, वोट डालने के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने के लिए दिशानिदेर्शों और सुविधाओं का एक सुव्यवस्थित फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।इन सुविधाओं में मतदान केंद्र का भूतल पर स्थित होना, ईवीएम की बैलेट यूनिट पर ब्रेल संकेतक का होना, उचित ढाल वाले रैंप का निर्माण करना, दिव्यांगजनों के लिए अलग कतारों की व्यवस्था करना (मतदान केंद्र में प्रेवश देने में उन्हें प्राथमिकता देना), व्हीलचेयर की व्यवस्था करना और मतदान की प्रक्रिया का वर्णन करने वाले संकेतकों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था आदि शामिल है। दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के लिए सुगम और समावेशी चुनाव, वह स्थायी सिद्धांत रहा है जिसके साथ निर्वाचन आयोग कोई समझौता नहीं करता। आयोग विभिन्न कदमों के माध्यम से चुनाव में सुगमता औरसमावेशिता के सिद्धांत को बढ़ावा देने के प्रति अत्यंत सजगता के साथप्रयासरत है। दिव्यांग समुदाय के प्रति राजनीतिक विमर्श में समावेशिता और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहली बार दिशानिदेर्शों जारी किए हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से इन दिशानिदेर्शों का अक्षरशः पालन करने का आग्रह किया है क्योंकि वे चुनावी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण हितधारक हैं।

# तार तार होती लोकतंत्र की गरिमा।

इतनी बड़ी संख्या में संसद से सांसदों का निष्कासन और उपराष्ट्रपति जैसे गरिमामय पद पर स्थापित व्यक्ति की मिमिक्री लोकतंत्र के लिए बहुत ही निराशाजनक और लोकतंत्र की परंपरा के भविष्य के लिए खतरे को दशार्ता है। राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। पर लखीमपुर खीरी, सिंधु



बॉर्डर और जशपुर,भोपाल में हिंसक घटनाओं को देखते हुए लगता है कि सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए हैं। लखीमपुर खीरी की विभत्स घटना जिसमें 7 लोगों को वाहन से रोड पर कुचल कर मार दिया गया इनमें से कुछ लोगों को भीड़ ने पीट-पीटकर ही मार दिया एक बेचारा निर्भीक पत्रकार इस हिंसा की बलि चढ़ गया। सिंधु बॉर्डर में कुछ निहंगो ने एक निर्दोष व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या कर दी। जशपुर में भीड़ पर गाड़ी चला कर कुछ लोगों की कुचल कर हत्या कर दी, सबसे ताजा घटना महाराष्ट्र में तख्तापलट एवं अन्य राज्यों में सत्ता को हिलाने का प्रयास लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की सबसे निचले स्तर की कार्रवाई मानी जाएगी। दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।

# ग्लोबल वार्मिंग, बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम, शेष देशों का जीना हुआ हराम।

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था आई,पी,सी,सी, की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के अमीर देश अकेले ही 60% से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14% ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं।

# भारत की विशाल जनसंख्या, बहुसंख्यक युवा वर्ग हाथों में होगी देश की बागडोर।

भारत चीन समकक्ष अनुमानित तौर पर सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है, वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश हो गया है। निश्चित तौर पर युवा हमारे भविष्य की संम्पदा होंगे अब यह हमारे उपर ही निर्भर है कि युवा जनसंख्या का उपयोग किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से विज्ञान, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं अन्य उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 140 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55 से 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है।

# किसान नेता चौ. चरण सिंह को बताया किसानों का मसीहा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत किसान दिवस एवं प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट परिसर-सभागार में लगी। शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने चैधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह का जन्म दिन मनाया जा रहा है। उन्हें नमन करते हुए कहा कि किसानों की कृषि में



चोधरी चरण सिंह की जयंती मनाते अधिकारी।

सुधार समेत भूमि सुधार पर भी कार्य किया। कृषि कानून लागू कर पैमाइश कराकर खसरा खतौनी स्पष्ट कराए, राजस्व विभाग में परिवर्तन लाये। पारदर्शिता लाने की व्यवस्था लागू की। आजादी बाद किसानों को सम्बल मिला, जमीदारी खत्म करने में चैधरी साहब का योगदान था। 1950 में उन्मूलन विधेयक पास कर अधिकार दिया। कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने में उनका योगदान था, वह भारत के प्रधानमंत्री चुने गए। उनके अनुकरणीय कार्यों से किसान दिवस पर 52 किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना है कि किसान अलग हटकर खेती करे। श्री अन्न को अपना कर ज्वार-बाजरा की पैदावार बढ़ाए, अपनी आय दोगुनी करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी के समय पढ़े-लिखे लोग कम थे। किसान नेता चैधरी चरण सिंह की सोच थी कि किसानों की पीड़ा जब तक सदन में नहीं पहुंचेगी, किसानों का भला नहीं होगा। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि चैधरी चरण सिंह की जयंती पूरे देश व प्रदेश में मनाई जा रही है। किसानों के प्रति उनका जीवन समर्पित था। गांव समृद्ध नहीं होगा तो देश का भला नहीं होगा। भारत सरकार व प्रदेश सरकार ने लगातार किसानों के हितों के लिए काम कर योजनाओं का लाभ दिला रही है। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कहा कि चैधरी चरण सिंह का जन्म दिवस किसानों के लिए समर्पित होकर कार्य करने के लिए मनाया जा रहा है। उनके सम्मान में पूरे देश-प्रदेश के किसानों को सम्मानित किया जाता है। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर कहा कि चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के कार्यों के लिए 52 किसानों को सम्मानित किया जा रहा है। गोष्ठी में जिला स्तरीय अधिकारियों व कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा व विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी देखी। संचालन जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने किया। इस मौके पर सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, सहायक निदेशक मत्स्य श्रीमती भानु चंद्रा, डीएचओ श्रीमती प्रतिभा पांडेय आदि व किसान मौजूद रहे।

## जबलपुर ने कानपुर को हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेशनल क्रिकेट टूनामेंट चित्रकूट चैलेंज कप में महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता के दो मुकाबले खेले गए। पहला रोमांचक मैच कानपुर व जबलपुर के बीच हुआ। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी, प्रो नीलम चैरे, श्रीमती रवि माला सिंह, वंश नारायण सिंह, भाजपा नेत्री श्रीमती विनीता शिवहरे ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया।

शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर जबलपुर टीम ने आफिया के 26, तनु के 25, शुभम सिंह के 19 रनों से सात विकेट खोकर 115 रन बनाए। कानपुर की सुप्रिया, संस्कृति को दो-दो विकेट मिले। 116 रन के लक्ष्य को पाने को कानपुर टीम ने नौ विकेट खोकर 112 बना सकी। कानपुर से सुरभि राजा ने 19, रिया राजोरिया ने 17 रन बनाये। जबलपुर की काजल व पायल को दो-दो, आफिया को एक विकेट मिला। कानपुर 18 ओवर तक जीत में थी, 19वें ओवर में तीन विकेट खोने से वह दबाव में आ गई। मैच को तीन रन से गवा दिया। जबलपुर कप्तान आफिया को मैन ऑफ द मैच मिला। महिला वर्ग का दूसरा मैच पूर्वांचल स्पोर्ट क्लब चंदौली व रीवा के बीच खेला गया। चंदौली ने रीवा को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## वाहनों में लगाये रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप


अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्राली में रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप लगाया। इस मौके पर टीएसआई सुरेन्द्र कुमार सचान, दरोगा धर्मेश त्रिपाठी, दीवान देवेन्द्र राजपूत, दीवान विनोद कुमार मौजूद रहे।

# 31 तक कार्य पूरा न होने पर ठेकेदार-संस्था पर होगी कार्यवाहीः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रुर्बन मिशन से बनाए जा रहे मल्टीपरपज कंपलेक्स (ऑडिटोरियम) व तीर्थ विकास परिषद का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि जो कार्य छूटे हैं, जल्द पूर्ण कराये। जो कारपेट लगाए जा रहे हैं, उसकी फिनिशिंग अच्छी हो। प्रोजेक्ट मैनेजर इलेक्ट्रिकल्स पर खफा होते हुए कहा कि इलेक्ट्रिकल्स का कार्य जल्द पूरा करायें, अन्यथा कार्रवाई होगी। शनिवार को जिलाधिकारी ने डीडीओ को निर्देश दिये कि समय



आडिटोरियम-तीर्थ विकास का निरीक्षण करते डीएम।

से कार्यदाई संस्था का भुगतान करायें। हर हफ्ते निरीक्षण करते हैं, प्रगति नहीं दिख रही। 31 दिसंबर तक कार्य पूरा न होने पर ठेकेदार व संस्था पर कार्रवाई की जाएगी। तीर्थ विकास परिषद गणेश बाग का निरीक्षण कर कहा कि जो गेट बना है, उसे हटाकर दूसरा लगायें। मुख्य द्वार पर धनुष लिए भगवान रामचंद्र की मूर्ति भी लगायें, ताकि आकर्षक लगे। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि पार्किंग में घास व स्प्रिंकलर भी लगाए। टायल में गैप नहीं होनी चाहिए, अच्छे से फीलिंग करायें। फाउंटेन पेन के अंदर मुजैक लगवाए। मीटिंग हाल का निरीक्षण कर कहा कि साउंड, लाइट अच्छी क्वालिटी की हो। कार्यालय हाल, वेटिंग लॉबी भी देखी। संस्था को निर्देश दिये कि जो भी सामान लगायें, गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीराम फल व एपीएम यूपीपीसीएल, जेई मौजूद रहे।

# आपके द्वार आकर वंचित पात्रों को कर रहे लाभान्वितः लवकुश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत यात्रा के तहत कपसेठी गांव मे हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पिछले कई दिनो से ये यात्रा चल रही है, गांव-गांव जाती है। यात्रा में अधिकारी गरीब कल्याण की जारी योजनाओं के वंचित पात्रों का पंजीयन कर लाभ दिला रहे हैं।

शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार गरीबो को समर्पित है। सरकार व अधिकारी आपके द्वार आये हैं, वंचित पात्रों



गोष्ठी में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष।

को लाभान्वित कर रहे हैं। पीएम आवास, सौभाग्य योजना, हर घर जल नल, आयुष्मान कार्ड, शौचालय जैसी तमाम योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद पहली ऐसी सरकार बनी है, जो सीधे जनता से जुड कर काम कर रही है। बिचैलियो को खत्म करने का काम सरकार ने किया है। गोष्ठी में रवि गुप्ता, अंकित पाडे, दीपक द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि नरेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## एएसपी-सीओ ने सुनी समस्यायें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने रैपुरा थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारित कराई। इस मौके पर थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।इसी क्रम में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने थाना पहाड़ी व कोतवाली कर्वी में फरियादियों की समस्यायें सुनी। फरियादियों की शिकायतें सुनकर सम्बन्धित को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

## एसपी के निर्देश पर आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले आठ लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट तामील किया है। शनिवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह ने महेश प्रसाद पुत्र चुनकावन गढ़चपा, भोला प्रसाद पुत्र श्रीपाल तिलहा पुरवा, सोमचन्द्र पुत्र माताबदल, मनीष सोनकर पुत्र कुन्नूलाल, वीरेन्द्र पुत्र राममिलन, अरुण सोनकर पुत्र गेंदालाल बाल्मीकिनगर, रवीन्द्र सोनकर पुत्र बउवा सोनकर व गौरेन्द्र पुत्र बउवा पुराना मानिकपुर के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

## त्रियुगीनारायण के निधन पर कांग्रेसी दुखी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता/पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रियुगीनारायण शुक्ला के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शोक सभा हुई। शनिवार को शोक सभा में कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन धारण कर गहरी संवेदना जताई। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबूजी का कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ा योगदान था, उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से कांग्रेस को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनकी कमी हमेशा रहेगी। संकट की घड़ी में जिला कांग्रेस उनके परिवार के साथ है। इस मौके पर रंजना बराती लाल पांडे, शिव गुलाम वर्मा, अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, सत्यनारायण कोल, कालीचरण राजपूत, तीरथ सिंह, विजयमणि त्रिपाठी, भगवानदीन समदरिया, राजेश सिंह, धीर सिंह, कामता प्रसाद द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, जग जाहिर पटेल, निशांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश कोल, रामऔतार, मानवेंद्र सिंह, सर्वेश, राम लखन सिंह आदि कांग्रेसियों ने शोक जताया।

## शादी अनुदान को करें आवेदनः सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि शादी अनुदान व अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर गरीबों की पुत्रियों की शादी को विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन वांछित अभिलेखों समेत कर सकते हैं। शनिवार को सीडीओ ने बताया कि शादी कार्ड में वर-वधू की उम्र का प्रमाण पत्र जरूरी है। पात्रता की शर्तें आवेदक के आय प्रमाण-पत्र शहरी क्षेत्र में 56460 रुपये व ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपये प्रतिवर्ष से ज्यादा न हो। आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी हो व पिछड़ी जाति अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर से सम्बन्ध रखता हो। शासन ने पूर्व निर्धारित लक्ष्य 186 को दोगुना करते हुए 372 लाभार्थियों को बजट 74.40 लाख निर्धारित किया है। अभी तक 99 लाभार्थियों के बैंक खाते में 19.80 लाख दिये जा चुके हैं। जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर आवेदकों को सूचित किया कि अपनी पुत्रियों की शादी की तिथि तय कर ली हो अथवा शादी हो चुकी हो, ऐसे आवेदक तत्काल जनसेवा केन्द्र से 90 दिन पहले अथवा बाद में अनुदान पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करा सकते है, ताकि शासन की मंशानुसार आवेदकों को शादी अनुदान दिया जा सके।

## अभियान में अवैध बसों पर हुई कार्यवाही

**चित्रकूट।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसम्बर के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी/एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी डॉ सन्तोष कुमार तिवारी ने दोपहिया वाहन की जांचकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। शनिवार को एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला व यात्री एवं मालकर अधिकारी डॉ संतोष तिवारी ने वाहन चालकों व पीछे बैठी सवारी के हेलमेट, मोबाइल फोन, गलत दिशा में वाहन चलाने पर जागरूक किया। पम्पलेट बांटते हुए आमजनता को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जानकारी दी। नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। अपरान्ह में प्रवर्तन अधिकारियों ने अनाधिकृत रूप से संचालित बसों की जांच की। अभियान चलाकर कार्यवाही की।

# जीवन भर किसानों की वकालत करते रहे चैधरी साहबः अनुज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के पहरा गांव के मजरा रम्पुरवा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री/किसानों के मसीहा चैधरी चरण सिंह की जयंती पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने चैधरी चरण सिंह के किसानों की उन्नति को किये ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख किया।

शनिवार को सपा के वरिष्ठ नेता अनुज सिंह यादव ने कहा कि चैधरी साहब किसानों के सच्चे मसीहा थे। किसानों की तरक्की को कृषि नीति में ऐतिहासिक कानून लाये थे। देश की सबसे बड़ी कुर्सी में बैठने के बाद भी देश के आम



चरण सिंह की जयंती मनाते सपा नेता अनुज यादव आदि।

किसान की हमेशा वकालत करते रहे। भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। पूरे देश ने देखा कि भाजपा किस तरह किसानों पर काले काननू लागू कराने के हर संभव जतन किये है। एक तरफ भाजपाई किसानों की आय दुगना करने का दम भरते हैं, जबकि हकीकत में किसान की आय एक गुना भी नहीं बढा पाये। खाद-बीज के लिये किसान मारे-मारे घूम रहे हैं। मौजूदा सरकार दलितों-पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डाल रही है। देश की जितनी भी यूनिवर्सिटी हैं, उनमें सिर्फ एक ही वर्ग का कब्जा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, आगामी 2024 में सपा गठबंधन से मिलकर इन्हें सत्ता से हटायेगी। इस मौके पर पूर्व महासचिव फराज खान, पूर्व प्रधान राम प्रसाद वर्मा, केडी यादव, अनूप यादव, गौतम वर्मा, बब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।

## अभियान में 45 किलो पालीथिन जब्त, 68 सौ हुआ जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर निकाय जिला प्रभारी/एडीएम श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव के निर्देश पर पालिका कर्वी व नगर पंचायत मऊ में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान के तहत ईओ बीके गौतम, लिपिक कर्मोत्तम सिंह व डीपीएम शिवा कुमार की अगुवाई में पॉलिथीन उन्मूलन चला।

शनिवार को सिंगल यूज प्लास्टिक 40 किग्रा जब्त की गई। 68 सौ रुपये जुमार्ना वसूला। व्यापारियों को मानक अनुसार जागरूक किया। सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताये। नगर पालिका कर्वी में भी सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चला। ईओ लालजी यादव, कमलाकान्त शुक्ला, आरआई राहुल पांडेय, डीपीएम शिवा कुमार की अगुवाई में पांच किग्रा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई। 2800 रुपये जुमार्ना वसूला। नगर के व्यापारियों को मानक अनुसार जागरूक किया।

# अवैध कब्जेधारकों को भू-माफिया में करें चिन्हित

## पेशवाकालीन इमारत का मामला, शासकीय नियमों के विपरीत कर रहे थे कार्य

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पेशवाकालीन इमारत में अवैध ढंग से काबिज रहे लोगों को जिला प्रशासन बतौर भू-माफिया चिन्हित कर कडी कार्यवाही करे, ताकि भविष्य में कोई सरकारी इमारत पर अवैध ढंग से काबिज न हो सके। लम्बे समय तक सरकारी इमारत में काबिज रहे लोगों से बतौर किराया रिकवरी भी की जाये।ज्ञात है कि पेशवाकालीन इमारत में लम्बे अर्से से तकरीबन तीन दर्जन लोग अवैध ढंग से कब्जा किये रहे हैं। इनमें से कुछ लोग चैधरी छोटेलाल व कुछ लोग छोटेलाल के कारिंदे से जमीन की लिखा-पढी भी कराये थे, जबकि चैधरी छोटेलाल को सरकारी जमीन किसी को हस्तांतरित करने का अधिकार नहीं था।

चैधरी छोटेलाल से पहले ब्रिटिश शासनकाल ने पेशवाकालीन किला सरकार के हवाले कर दिया था। ऐसे में कर्वी सरकार के जमीदार चैधरी छोटेलाल के हाथों से किसी को कर्वी सरकार की भूमि के हस्तांतरण का अधिकार पहले ही छिन चुका था।

ज्ञात है कि लम्बे समय तक पेशवाकालीन इमारत के अवैध कब्जेधारक अदालत में मामला दायर कर उलझाये हुए थे। मई 2023 में जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम सदर व नगर पालिका प्रशासन ने पेशवाकालीन इमारत के अवैध कब्जेधारकों को बेदखल कर दिया। बेदखली दौरान अवैध कब्जाधारकों ने तमाम नौटंकी भी की, प्रशासन के आगे किसी की एक नहीं चली। नतीजतन अवैध कब्जेधारकों को पेशवाकालीन इमारत से रुखसत होना पडा।

रुखसत होने के बाद भी वहां के अवैध कब्जेधारकों ने नई चाल चली कि वे सब लोग पेशवा प्रभाकर राव के वंशजों के कहीं न कहीं कारिंदे रहे हैं। ऐसे में उनका वहां हक बनता है। इसे लेकर वे अब फिर अदालतों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। उन्हें शायद ये नहीं मालूम कि चैधरी छोटेलाल को जमीन हस्तांतरित करने का अधिकार ही नहीं था, ये किला व जमीन सबकुछ ब्रिटिश शासन ने राज्य सरकार को पहले ही सौंप दिया था। ऐसे में पेशवाकालीन इमारत के अवैध कब्जेधारकों को बतौर भू-माफिया चिन्हित कर कडी कार्यवाही की जाये। उनसे लम्बे समय तक पेशवा कालीन स्थल का उपभोग करने की रिकवरी भी की जाये, क्योंकि वहां ज्यादातर वे लोग अवैध कब्जा किये थे, जिनके घर-जमीन-प्लाट पहले से कहीं न कहीं मौजूद थे। यहां तक कि अवैध कब्जेधारकों में तमाम लोग सरकारी नौकरियों में भी थे, जो शासकीय नियमों के विपरीत है। इन्हें चिन्हित कर प्रशासन को जल्द ऐसे कब्जेधारकों पर कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि भविष्य में दुबारा कोई शासकीय नियमों के विपरीत कार्य न कर सके।

# पहलवानों के दांव-पेंच देख लोग हुए दंग

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** कई वर्षों से पूरब पताई गांव के ऐतिहासिक विराट ईनामी दंगल के पहले दिन मऊ- मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज ने पहलवानों के हाथ मिलाकर दंगल का शुभारम्भ कराया।

शनिवार को मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने पहलवानों से परिचय लेकर कुश्ती शुरू कराई। उन्होंने कहा कि कुश्ती प्राचीन खेल है, इससे शरीर ही नहीं, मानसिक विकास भी होता है। मऊ क्षेत्र के समाजसेवी विष्णु देव त्रिपाठी ने खेल की महत्ता का परिचय कराया। मऊ ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात पांडे, पूरब पताई रामलीला कमेटी अध्यक्ष/बार



दंगल में पहलवानों से परिचय लेते विधायक।

एसोसिएशन मऊ अध्यक्ष कुंवर बृजेश सिंह, पूरब पताई के पूर्व प्रधान हरकेश बहादुर सिंह, नरेश बहादुर सिंह, एड सौरभ सिंह, एड अमन सिंह, बडेलाल तिवारी, पुष्प नारायण द्विवेदी समेत सैकड़ों तादाद में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। आज 18 जोडियों की कुश्तियां हुईं। दंगल में पहलवानों के दांव-पेंच देखकर लोग दंग रह गये।

# शानवी का रियलिटी शो में हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** इलाहाबाद डांस सेंटर की स्टूडेंट शानवी जायसवाल (15) कोरियोग्राफर टीचर दादा पांडेय व अभिषेक गुप्ता, अक्षय कुमार वर्मा ने बताया कि शानवी जयसवाल का चयन डांस प्लस प्रो रियलिटी शो टॉप 12 में हुआ है।

शनिवार को उन्होंने बताया कि रियलिटी शो का प्रसारण डिजनी हाटस्टार पर सोमवार से गुरुवार तक तथा स्टार प्लस पर शनिवार व रविवार को रात्रि में होगा। रियलिटी शो के जज फेमस कोरियोग्राफर रेमो दिशोजा, पुनीत जे पाठक, शक्ति मोहन, राहुल है। एंकर तुषार शेट्टी व शुशान्त खत्री हैं। शानवी पिछले छह वर्षों



डांस करती शानवी।

से इलाहाबाद डांस सेंटर की नियमित छात्रा हैं। शानवी के पिता चाय स्टाल की दुकान हीरा हलवाई के पास लगाते हैं। शानवी कई बार रियलिटी शो में पहुंचते-पहुंचते रह गई हैं। दादा ने बताया कि शानवी डांस को बहुत समर्पित है।

# नेपाल में जनकपुरधाम को भी मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

**काठमांडू।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल के जनकपुरधाम को भी निमंत्रण पत्र मिला है। यह निमंत्रण पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से भेजा गया है। जनकपुरधाम भगवान राम की ससुराल है। जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर के प्रमुख महंथ राम तपेश्वर दास और उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास को निमंत्रण पत्र मिल गया है। निमंत्रण पत्र को साझा करते हुए महंथ रामरोशन दास ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। अत्यंत ही भाव विह्वल होकर महंथ ने कहा कि माता जानकी के घर में होने जा रहे भव्य समारोह के लिए निमंत्रण मिलने से सम्पूर्ण जनकपुरधामवासियों का हृदय प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि माता जानकी की ससुराल में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा वर्षों से थी। श्रीराम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर के शिलान्यास में भी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। जानकी मंदिर के महंथ ने कहा कि रामलला के इस मंदिर में प्रयोग करने के लिए नेपाल के पवित्र काली गंडकी नदी जहां से शालीग्राम पत्थर मिलता है वहां से दो बड़े-बड़े पत्थरों को भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया गया था। महंथ रामरोशन दास ने कहा कि इसलिए भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण मिलना हमारे लिए काफी खास है।

## श्रीलंका की जेलों में बंद हैं क्षमता से दोगुना अधिक कैदी



**कोलंबो।** श्रीलंका की जेलों में क्षमता से दोगुना अधिक कैदी बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है। हाल ही में ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड गतिविधियों के खिलाफ हुई कार्रवाई में पकड़े गए 10,000 से अधिक संदिग्धों को जेलों में ठूंसा गया है। अधिकारी विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

श्रीलंका के प्रमुख अखबार डेली मिरर ने अपने ऑनलाइन संस्करण में जेलों की स्थिति पर रिपोर्ट में यह समस्या उठाई है। डेली मिरर के अनुसार, देशभर की 30 जेलों में 30,000 से अधिक कैदी बंद हैं। हालांकि इन जेलों में केवल 13,000 कैदियों को रखने की क्षमता है। जेल में बंद आधे से अधिक कैदी कानूनी प्रक्रिया में देरी के कारण लंबे समय से सलाखों के पीछे फंसे हुए हैं। यह मुकदमे के निस्तारण का इंतजार कर रहे हैं।

अखबार ने सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा है कि इस स्थिति से निपटने के लिए छोटे अपराधों में बंद लोगों को जमानत पर रिहा किया जा सकता है। जेल प्रवक्ता गामिनी डिसनायके ने कहा कि अधिकारी जेलों के भीतर संदिग्धों के लिए अस्थायी जगह ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं।जेलों पर भीड़ का दबाव कम करने के लिए कुछ कैदियों को जेल शिविरों में भी ले जाया जा रहा है।


## बांग्लादेश में घना कोहरा, छह नौकाएं फंसी रही पद्मा नदी में



**ढाका।** बांग्लादेश में आज (शनिवार) सुबह घने कोहरे ने जलमार्ग की फेरी सेवाओं को बाधित कर दिया। छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार खराब दृश्यता के कारण जलमार्ग का परिचालन बुरी तरह प्रभावित रहा।

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, घने कोहरे के बीच खराब दृश्यता के कारण दौलतदिया-पतुरिया जल मार्ग पर फेरी सेवाएं डेढ़ घंटे तक निलंबित रहीं। दौलतदिया प्वाइंट पर बांग्लादेश अंतरदेशीय जल परिवहन निगम के सहायक प्रबंधक खोरशेद आलम ने कहा कि खराब दृश्यता के कारण सुबह आठ बजे नौका सेवाएं निलंबित कर दी गईं। इस दौरान छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। कोहरा छंटने के साथ दृश्यता में सुधार होने के बाद मार्ग पर नौका सेवाएं सुबह 9:45 बजे फिर से शुरू हो गईं।

## पाकिस्तान में नियमित हज योजना का ड्रॉ 28 दिसंबर को



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के धार्मिक मामलों और अंतरधार्मिक सद्भाव मंत्रालय ने घोषणा की है कि नियमित हज योजना के लिए 28 दिसंबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। इस योजना के लिए मंत्रालय को 66,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रमुख समाचार प्रसारक जिओ न्यूज ने मंत्रालय के प्रवक्ता मुहम्मद उमर बट के हवाले से यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है कि अगले साल लगभग 1,79,000 नागरिक हज के लिए सऊदी अरब की यात्रा करेंगे।

प्रवक्ता ने कहा है कि सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को 2 जनवरी, 2024 तक अपनी हज उड़ान की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।


जिओ न्यूज के अनुसार, सरकार ने हज-2024 को डिजिटल बनाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए एक मोबाइल एप्लिकेशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी बोर्ड ने विकसित किया है। सरकार ने घोषणा की है कि पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार महिलाओं को पुरुष साथी के बिना पवित्र यात्रा करने का अवसर मिलेगा

## इजराइल ने लेबनान और गाजा में दागी मिसाइलें, हमास के कई आतंकवादी मारे गए



**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार सीमा पर जारी लड़ाई के बीच इजराइल की वायुसेना ने सुबह से अब तक दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला इलाके में कई बार हमला बोला है। इस हमले के पूरे ब्योरे का इंतजार है। इजराइल के दूसरे अखबार यरुशलम पोस्ट के अनुसार इजराइल की वायुसेना ने गाजा शहर और मध्य गाजा के अन्य स्थानों में शनिवार सुबह ताबड़तोड़ मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे दीर अल-बाला क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा शहर में हमास मुख्यालय पर हमला कर आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को हमास के खिलाफ अभियान में यह कामयाबी मिली। इसके अलावा गाजा शहर के इस्सा क्षेत्र में हमास की एक लंबी सुरंग को विस्फोटक के जरिये उड़ा दिया गया। आतंकवादी इस सुरंग का इस्तेमाल सुरक्षित रास्ते के लिए कर रहे थे।

## प्राग विश्वविद्यालय गोलीबारी में 11 मृतकों की पहचान की गई :



**प्राग।** चेक पुलिस ने कहा कि प्राग विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में मारे गए 11 मृतकों की पहचान कर ली गई है।

पुलिस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, "हम अभी भी गोलीबारी स्थल पर काम कर रहे हैं। हमने मृतकों में से 11 की पहचान कर ली है और अन्य पहचान की पुष्टि करने के लिए काम कर रहे हैं।"

पुलिस के अनुसार, चार्ल्स विश्वविद्यालय के कला संकाय में हुई त्रासदी में 13 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। हमलावर छात्र ने संभवतः खुद को भी गोली मार ली।

समाचार एजेंसी शन्हुिआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने शुक्रवार से देशव्यापी निवारक उपाय कड़े कर दिए हैं।

चेक के आंतरिक मंत्री विट राकुसन ने शुक्रवार को चेक रेडियो को बताया कि गोलीबारी "चेक गणराज्य के इतिहास में अभूतपूर्व एक भयानक कृत्य" थी, लेकिन "अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद" से जुड़े होने का कोई संकेत नहीं मिला।

पुलिस ने कहा कि संदिग्ध शूटर ने परिसर में जाने से पहले प्राग के बाहर घर पर अपने पिता की हत्या कर दी थी।

चेक सरकार ने शनिवार को मृतकों के लिए राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया है।

इस घटना से पहले, देश में सबसे भीषण गोलीबारी 24 फरवरी, 2015 को हुई थी, जब एक 63 वर्षीय व्यक्ति ने दक्षिणपूर्वी शहर उहेस्कीं ब्रोड के एक रेस्तरां में गोलीबारी की थी, इसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी और फिर उसने खुद को भी मार डाला था।

## चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हुई



**बीजिंग।** उत्तर पश्चिमी चीन में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप से गांसु प्रांत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 117 , जबकि गांसु और किंघई प्रांतों में मरने वालों की संख्या 148 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रांतीय भूकंप राहत मुख्यालय के अनुसार, शुक्रवार सुबह 8 बजे तक गांसु में भूकंप से 781 लोग घायल हो गए थे।

शन्हुिआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गांसु में प्रभावित निवासियों के लिए कुल 311 अस्थायी पुनर्वास स्थल स्थापित किए गए हैं और शुक्रवार दोपहर तक 112,346 लोगों को स्थानांतरित किया गया है।

अब तक 499 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 282 लोग अस्पताल में हैं। इनमें 17 की हालत गंभीर है और 69 गंभीर रूप से घायल हैं।

किंघई प्रांत में गुरुवार तक भूकंप से 31 लोगों की मौत हो चुकी थी।

## भारत के साथ लॉन्ग-टर्म ऊर्जा समझौता मील का पत्थर साबित होगा : नेपाल पीएम

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की आगामी यात्रा के दौरान नेपाल और भारत के बीच हस्ताक्षरित होने वाला दीर्घकालिक ऊर्जा समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा।

मई-जून में पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान, दोनों देश एक दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए थे, जिसके तहत भारत 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। हालांकि, उस समय औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके थे।

अब, दोनों देशों ने दीर्घकालिक अंतर-सरकारी ऊर्जा व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दे दिया है, जिस पर जयशंकर की नेपाल यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

नेपाली पीएम दहल ने शुक्रवार को दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा सबस्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा, "जल्द ही हम भारत के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य भारत को बिजली निर्यात करना है।"

नेपाल-भारत के बीच मध्यावधि और दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार समझौते पर काठमांडू में हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारी भी काठमांडू पहुंच रहे हैं। 25 साल के दीर्घकालिक समझौते की शुरूआत तब हुई जब दहल ने 31 मई से 3 जून के बीच भारत दौरा किया था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दहल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की थी कि पड़ोसी दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत नेपाल से 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली खरीदेगा।

## आईडीएफ ने हमास नेता डेफ के घर को किया ध्वस्त



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उसने हमास आतंकवादी समूह के सैन्य प्रमुख मोहम्मद डेफ के घर को नष्ट कर दिया है।

आईडीएफ के अनुसार, डेफ हमास के एक अन्य शीर्ष नेता याह्या सिनवार के साथ दक्षिण इजराइल में 7 अक्टूबर के नरसंहार का मास्टरमाइंड है। हमास के आतंकवादियों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और विदेशी नागरिकों सहित 240 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया था।

इजराइल सेना की 7वीं ब्रिगेड की 82वीं बटालियन ने छापेमारी की और बाद में डेफ के घर को नष्ट करने के लिए एक नियंत्रित विस्फोट किया।

बलों ने डेफ के फि लिस्तीनी पहचान पत्र के साथ-साथ भगोड़े नेता की निजी डायरी सहित कई दस्तावेज भी बरामद किए।

गौरतलब है कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में पर्चे गिराए थे, जिसमें मोहम्मद डेफ के बारे में जानकारी देने वाले को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की गई थी।

मोहम्मद डेफ की हत्या के सात प्रयास हुए और इनमें से चार इजराइल और हमास के बीच 2014 के युद्ध के दौरान हुए। ऐसी खबरें थीं कि पहले की हत्या की कोशिशों के दौरान उनके कई करीबी रिश्तेदार मारे गए थे।

## अमेरिका में शरारती तत्वों ने हिंदू मंदिर की दीवार पर लिखे खालिस्तान संबंधी नारे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में खालिस्तान समर्थक शरारती तत्वों ने एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। इन तत्वों ने इस मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखकर सामाजिक ताने-बाने पर चोट करने की कोशिश की है। यह घटना कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर की है। नेवार्क पुलिस ने घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया है।

इस घटना से संबंधित सचित्र विवरण हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। इसमें स्वामी नारायण मंदिर की दीवारों पर नारे लिखे दिख रहे हैं। भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ काले रंग के स्प्रे पेंट से यह नारे लिखे गए हैं। हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने मांग की है कि इस घटना की जांच 'घृणा अपराध' के रूप में की जाए।

बताया गया है कि मंदिर से संबद्ध लोगों ने नेवार्क पुलिस और न्याय विभाग को इसकी सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में मंदिरों को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया हो। अमेरिका के अलावा कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कनाडा के सरे शहर में कुछ समय पहले खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर के मेन गेट पर पोस्टर चिपकाकर




आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का समर्थन किया था।इस वर्ष जनवरी में तीन हिंदू मंदिरों को मेलबर्न में निशाना बनाया गया था। यहां भी खालिस्तानी समर्थकों ने मंदिरों पर नारे लिखे थे। नेवार्क की घटना पर अमेरिकी-भारतीय राजनीतिज्ञ बर्ट ठाकुर ने एक्स पर लिखा है- 'हिंदू समुदाय के भाइयो और बहनों, मैं नफरत और असहिष्णुता की छाया के खिलाफ खड़ा हूं। कैलिफोर्निया के नेवार्क में हमारे पवित्र हिंदू मंदिर का अपमान, केवल एक इमारत पर हमला नहीं है, यह हमारी आत्मा और हमारे मूल्यों पर खुला हमला है। घृणा अपराध हमारे समाज के ताने-बाने पर जहरीला दाग है।'

## ट्रंप ने 2024 के चुनाव में भाग लेने से उन्हें रोकने के कोलोराडो अदालत के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में उनके भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने के कोलोराडो अदालत के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि बुधवार को ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से कोलोराडो अदालत के फैसले पर विचार करने का अनुरोध किया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।